




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इन्वर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें
फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट
930144443



वर्ष- 15 अंक - 176 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 10 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### नक्सलियों ने बिछा रखी थी आईईडी, ब्लास्ट में STF के दो जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा बिछाई गई आईईडी की चपेट में आने से स्पेशल टास्क फोर्स (STF) के दो जवान घायल हो गए। घटना बुधवार सुबह पांच से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने आसपास के क्षेत्र की सर्चिंग तेज कर दी है। वहीं घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम में विस्फोट होने से स्पेशल टास्क फोर्स के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना गंगालूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत इतवार गांव के जंगल में सुबह पांच से छह बजे के बीच हुई। सुरक्षाकर्मियों की एक टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र के पीडिया के जंगल में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट की गई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एसटीएफ के दो जवान आरक्षक शिवलाल मंडावी व आरक्षक मिथिलेश मरकाम घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों जवान खतरे से बाहर हैं।

### नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या

**बलरामपुर।** राजपुर इलाके में एक नाबालिग छात्रा ने आत्महत्या कर ली। नाबालिग छात्रा का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। अब तक की जांच में आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। वहीं नाबालिग छात्रा की मौत के बाद उसके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

### शराब दुकान से दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर 20 लाख रुपये की लूट, बदमाशों की तलाश जारी

बलौदा बाजार। कटंगी में शराब दुकान में लूट का मामला सामने आया है। जहां दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाश कलेक्शन के लाखों रुपये लूटकर फरार हो गए। अब पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार कटंगी शराब दुकान में मंगलवार को दिनदहाड़े दो बदमाश बंदूक की नोक पर 20 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी, साथ ही शराब दुकान के चार कर्मचारियों को थाने ले जाकर पूछताछ की गई है।

कसडोल थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि नकाबपोश बदमाश शराब भट्टी के अंदर से पैसा लूटकर फरार हुए हैं। लूट को अंजाम देने वाले लोग देहात की ओर भागे हैं। सीसीटीवी के माध्यम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। साइबर सेल की टीम भी मामले की जांच में लगी हुई है, जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# बस खाई में गिरी, 12 की मौत

## हादसे में 15 कर्मी घायल, केडिया डिस्टलरी ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख के मुआवजे का किया ऐलान




श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मंगलवार की रात को केडिया डिस्टेलरी की बस खाई में गिर गई जिससे 12 कर्मचारियों की मौत हो गई। मृतकों में 3 महिलाएं भी शामिल हैं। घटना में 15 कर्मचारी घायल हो गए हैं जिनमें से 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद पुलिस से लेकर जिला प्रशासन एक्टिव हो गया और देर रात तक राहत कार्य जारी रहा। इधर घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गहरा दुख जताया है। वहीं केडिया डिस्टलेरी ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी व घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया है।

कुम्हारी में यह हादसा मंगलवार रात लगभग 8:30 बजे हुआ। केडिया डिस्टलरी से स्टाफ को लेकर निकली हुई बस का खपरी कुम्हारी के पास मुरूम खदान में गिरने से दुर्घटना हो गई। बस में केडिया डिस्टलेरी में काम करने वाले स्टाफ के लगभग 40 लोग सवार थे जो कि लगभग शाम 8:00 बजे के बाद ड्यूटी खत्म करने के बाद कंपनी की बस से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच कुम्हारी के पास खपरी में मुरुम खदान के बाद चालक को सड़क का अंदाजा नहीं हुआ और बस अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद अफरा तफरी मच गई।

### घायलों से मिलने एम्स पहुंचे सीएम साय, समूचित इलाज करने दिया निर्देश

कुम्हारी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को केडिया डिस्टलरी की बस खाई में गिरने से 12 कर्मचारियों की मौत हो गई और 15 कर्मचारी घायल हैं। कुम्हारी के खपरी क्षेत्र में मुरुम खदान के पास यह हादसा हुआ। हादसे के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के एम्स में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को घायलों से मिलने एम्स पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एम्स में घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। वहीं चिकित्सकों को घायल कर्मचारियों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

### हादसे की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस

दुर्ग के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि दुर्घटना रात करीब साढ़े आठ बजे कुम्हारी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत खपरी गांव के पास हुई। यह हादसा तब हुआ जब सभी कर्मचारी काम के बाद कंपनी की बस से घर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारी ने कहा कि घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। घटनास्थल के दृश्यों से पता चलता है कि बस नीचे गिरने के बाद पलट गई।

### दुर्ग कलेक्टर ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

हादसे के बाद दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी घटना स्थल का दौरा किया। वे बुधवार की सुबह भी मौके पर पहुंची और अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 15 लोग घायल हुए जिनमें से 10 की हालत गंभीर है। अस्पताल में भर्ती सभी लोगों की हालत स्थिर है। मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान की जा रही है। दुर्घटना का कारण जानने के लिए मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। आरोपियों पर तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू व गृहमंत्री शाह ने जताई संवेदना




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बस दुर्घटना में कई लोगों के मारे जाने की खबर बेहद दुखद है। सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना! मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। दुर्ग बस हादसे पर केंद्रीय गृह मंत्री ने ट्वीट किया, छत्तीसगढ़ के दुर्ग में हुआ बस हादसा दु:खद है। इस हादसे में जान गवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने जताया दुःख



छत्तीसगढ़ में हुए बस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख प्रकट किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर कहा है कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में हुआ बस हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। इससे पहले सीएम साय ने भी बस हादसे को लेकर दुख जताया था और बताया था कि हादसे में घायल हुए लोगों के इलाज की पूरी व्यवस्था की गई है और प्रशासन घायल हुए लोगों की देखरेख में जुटा हुआ है।




### राज्यपाल हरिचंदन ने बस दुर्घटना पर शोक जताया

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कुम्हारी थाना अंतर्गत रायपुर-दुर्ग मार्ग पर मंगलवार की रात निजी कंपनी के कर्मचारियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 12 लोगों की मृत्यु को अत्यंत पीड़ाजनक बताया और गहरा दुख व्यक्त किया। राज्यपाल ने कहा, महाप्रभु श्रीजगन्नाथ जी दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोक-संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें। साथ ही राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा दुर्भाग्यपूर्ण घटना



दुर्ग बस हादसे के पीड़ितों से मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि कुम्हारी में बस हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हादसे में मरने वाले सभी केडिया डिस्टिलरी के मजदूर थे और बस से घर जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ। सड़क के दोनों ओर वहां 20 फुट गहरी खाई हैं। बस रोज इसी रास्ते से निकलती थी, लेकिन मंगलवार को अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। फिलहाल हादसे की जांच के निर्देश दिए गए हैं और जो भी कारण सामने आएगा उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### पूर्व सीएम बघेल ने भी जताया दुख

हादसे पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी दुख जताया है। सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कुम्हारी में कर्मचारियों से भरी एक बस खदान में गिर गई। इसमें 46 लोग सवार थे।सूचना मिली है कि कई लोगों की? जानें गई हैं और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं।मृतकों के परिजनों के प्रति मैं गहन संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने प्रशासन से घायलों के समुचित इलाज का प्रबंध करने का अनुरोध किया है।

# पहले चरण के लिए बस्तर तैयार

## लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षाबल अलर्ट, 1 लाख जवान हुए तैनात

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

जगदलपुर। पहले चरण के मतदान के लिए बस्तर पूरी तरह से तैयार है। यहां 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इस सीट से कांग्रेस और भाजपा सहित कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। बस्तर सीट नक्सल प्रभावित क्षेत्र में होने की वजह से चुनाव के दौरान काफी घटनाएं होती है। माओवादी चुनाव का बहिष्कार भी करते हैं। इस लिहाज से बस्तर में सुरक्षित तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुलिस समेत केंद्रीय रिजर्व फोर्सेस के लगभग 1 लाख से अधिक जवानों को इस क्षेत्र में तैनात किया गया है।



बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के मुताबिक, 19 अप्रैल को बस्तर और 26 अप्रैल को कांकेर में सुरक्षित व व्यवस्थित चुनाव सम्पन्न कराने डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स, कोबरा और केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी बल पहले से तैनात हैं। उन्होंने बताया,- केंद्रीय चुनाव आयोग ने अलग से अतिरिक्त पुलिस फोर्स को बस्तर में तैनात किया है। इन सभी सुरक्षाबलों द्वारा बस्तर में लगातार सर्चिंग अभियान जारी है। सीमावर्ती राज्य और सीमावर्ती जिला में लगातार नाकाबंदी करके चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा चुनाव संबंधी सभी कार्य प्राथमिकता से पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं। आईजी सुंदरराज पी. ने कहा,- वर्तमान में काफी बड़ी संख्या में पहले से ही बस्तर में जवान तैनात हैं। चुनाव आयोग की ओर से भी अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है। सुरक्षागत कारणों से संख्या बता पाना मुश्किल है। बस्तर में इतनी बड़ी संख्या में जवान तैनात हैं कि सुरक्षित तरीके से चुनाव की प्रकिया को सम्पन्न किया जा सकता है। सीमावर्ती राज्य उड़ीसा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश की पुलिस से भी सुरक्षा संबंधी कॉर्डिनेशन किया गया है। इस दौरान सीमावर्ती राज्यों की पुलिस फोर्स सीमावर्ती इलाकों में डटकर तैनात रहेंगी। ताकि सुरक्षित तरीके से चुनाव हो सके।

दंतेवाड़ा में भी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए जिले के सरहदी इलाकों में चुनाव संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। जिले में अन्य राज्यों से और कांकेर जिले से 25 सीआरपीएफ की कंपनियां पहुंची है। इसके अलावा जिले में पहले से तैनात सीआरपीएफ की 20 कंपनियों को चुनाव कार्य के लिए दंतेवाड़ा पुलिस को सौंपा गया है। जिले में तैनात सीएएफ की 23 कंपनियों को भी जिले के मतदान केन्द्रों और आरओपी ड्यूटी के लिए तैनात किया जाएगा। साथ ही जिले की डीआरजी और बस्तर फाइटर्स को भी तैनात किया गया है। नक्सलियों द्वारा किसी भी प्रकार की हिंसा को रोकने हेतु 3 लेयर सुरक्षा प्लान तैयार किया गया है। संवंदनशील जगहों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा की आशंका के मद्देनजर जिले के अंदरूनी इलाकों में लगातार गश्त और सर्चिंग जारी है। जिले में कुल लगभग 8000 की संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराया जा सके।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र है। यहां आए दिन नक्सली सुरक्षाबलों को निशाना बनाने छोटी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। इसी बस्तर संभाग में लोकसभा की 2 सीटें आती है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र पर पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। वहीं दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान कराए जाएंगे। ऐसे में नक्सली हमेशा की तरह चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ही केंद्रीय चुनाव आयोग ने अतिरिक्त पुलिस फोर्स को बस्तर में तैनात किया है।

## कुम्हारी हादसे पर उठ रहे सवाल

श्रीकंचनपथ




कुम्हारी में एक सड़क हादसा हो गया। रात के अंधेरे में डिस्टलरी के मजदूरों को लेकर आ रही बस सड़क किनारे की खाई में जा गिरी। लगभग 50 फीट गहरी खाई में गिरने के कारण दर्जनभर मजदूरों की मौत हो गई। घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज हो रहा है। कंपनी ने हर्जाने के साथ ही मृतकों के परिजनों को नौकरी आदि का आश्वासन दिया है। सरकार फिलहाल चुप है क्योंकि आचार संहिता लगी हुई है। घटना ताजा है, इसलिए हायतौबा मची हुई है। पर देश में इस तरह के हादसे रोज होते हैं। सरकार को छोड़ भी दें तो ऐसी घटनाओं को लेकर जनता भी 'बेहिस' है। हादसे को लेकर कोसने का काम शुरू हो गया है। सवाल उठाया जा रहा है कि मजदूरों को 15 साल से भी पुरानी बस में ढोया जा रहा था। देश चाहे कितना भी 'शाईन' क्यों न कर रहा हो, अभी भी उसका कलेजा इतना बड़ा नहीं हुआ है कि वह अच्छी खासी चलती लाखों की गाड़ी को कबाड़ में बेच दे। हादसा बस के खाई में गिरने की वजह से हुआ। बस नई भी होती तो भी यह हादसा हो सकता था, मौत का आंकड़ा भी लगभग ऐसा ही होता। सवाल यह है कि मैदानी इलाके में खाई कहां से आ गई? मुरुम, मिट्टी और गिट्टी वाली कंपनियां किस हद तक जा सकती हैं, कुम्हारी की खाई इसका एक छोटा उदाहरण है। इस खाई को लोग रोज देख रहे हैं पर चुप हैं। वह तो तब भी चुप रहते हैं जब वनांचलों में रहने वाले लोग पेड़ों की कटाई का विरोध करते हैं, कोयले की खुली खदानों के विरुद्ध भूख हड़ताल करते हैं। वो इसे वनवासियों की समस्या मान लेते हैं। अधिकांश को तो इसके बारे में कुछ पता भी नहीं होता। हादसे को लेकर यह सवाल भी उठा कि वहां स्ट्रीट लाइट नहीं है। स्ट्रीट लाइट तो अधिकांश हाइवे पर भी नहीं है। इसलिए तो गाड़ियों में हेडलाइट होती है। हेडलाइट जलाने के बाद भी गाड़ियां सड़क पर सो रहे मवेशियों पर चढ़ जाती है, गड्ढों में उछल जाती है, डिवाइडर से टकरा जाती है, सड़क छोड़ कर उतर जाती है या पेड़ों से भिड़ जाती है। लोगों को हेडलाइट जलाने की तमीज नहीं है। वो कभी डिपर नहीं देते। हेडलाइटों को छोड़ भी दें तो आजकल गाड़ियों की टेल लाइट भी कमाल की होती है। इनकी चमक भी पीछे वाले चालक को कुछ देर के लिए अंधा कर देती है। हेडलाइट और टेललाइट के चलते अंधा हुआ चालक अंदाजे में गाड़ी चला रहा होता है। रात को होने वाले 10 में से 8 सड़क हादसे इसी का परिणाम होते हैं। पर हम इन सभी विसंगतियों के साथ न केवल जी रहे हैं बल्कि खुश भी हैं। हादसों के बाद का यह चीखना-चिल्लाना और रोना-पीटना इसलिए भी अखरता है। कोई तो हादसों को रोकने की दिशा में भी काम करे।




## संपादकीय

# शेयर बाजार की छलांग

> मंगलवार को जब देश हिंदू कैलेंडर के नए वर्ष में कदम रख रहा था, और चैत्र नवरात्रि की प्रथम पूजा में जगह-जगह देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामनाएं की जा रही थीं, लगभग उसी समय बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने उन्हें एक बड़ी खुशखबरी दी। बीएसई के तीस शेयरों वाले सेंसेक्स ने पहली बार 75 हजार की मोहक ऊंचाई को लांघा। हालांकि, बाद में वह 74,683 अंक पर आकर बंद हुआ, फिर भी निवेशकों की इस उम्मीद को आधार तो दे ही गया कि वह दिन दूर नहीं, जब सेंसेक्स एक लाख की जादुई सीमा पर खड़ा होगा।

चर्चित निवेशक मार्क मोबियस की मानें, तो यह कामयाबी अगले पांच वर्ष में ही मिल सकती है और यह अस्वाभाविक आकलन नहीं है, क्योंकि पिछले 20 वर्षों में ही शेयर बाजार ने 70 हजार अंक की छलांग लगाई है। सुखद बात यह है कि शेयर बाजार के साथ-साथ मंगलवार को सर्राफा बाजार में भी रौनक का आलम था। सोने-चांदी जैसी धातुएं भी नई ऊंचाई को छू रही थीं। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए थे, जब रिकॉर्ड जीएसटी वसूली के आंकड़े सामने आए थे।

नि:संदेह, ये सारी बातें देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के ठोस संकेत देती हैं। मगर इन आंकड़ों के बरक्स कुछ ऐसे ब्योरे भी सामने आए हैं, जिनकी ओर नीति-नियंताओं का ध्यान खींचे जाने की जरूरत है। जिस समय हम अपने पूंजी बाजार की ऊंची उड़ान पर लहालोट हैं, लगभग उसी समय वित्तीय सेवाओं से ही जुड़ी कंपनी मोतीलाल ओसवाल ने अपने एक अध्ययन में पाया है कि भारतीय परिवारों पर कर्ज बढ़कर जीडीपी का 40 प्रतिशत हो गया है, जबकि उनकी बचत जीडीपी की करीब पांच फीसदी रह बची है। खुद आरबीआई ने पिछले साल सितंबर में भारतीय परिवारों पर बढ़ते कर्ज को लेकर आगाह किया था। वैसे, बढ़ती आर्थिक विषमता सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, दुनिया भर के अर्थशास्त्री इसे लेकर लगातार अपनी चिंताएं जता रहे हैं।

हमारी समस्या यह है कि एक बड़ी भारतीय आबादी अभी भी गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर कर रही है और सामाजिक सुरक्षा का अभाव इस आबादी को अतिरिक्त संवेदनशील बना देता है। बहुत ज्यादा पीछे जाने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना-काल ने इस सामाजिक हकीकत से हमें अच्छी तरह रू-ब-रू करा दिया है। यकीनन, सरकार ने महामारी का अपने तई अच्छा मुकाबला किया, मगर हम इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि देश की एक विशाल आबादी को मुफ्त राशन मुहैया कराने की योजना आज तक जारी है। हमने विभिन्न लाभार्थी योजनाओं के जरिये हाशिये के लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया है, मगर कुपोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आवास जैसी सामाजिक तरक्की की विभिन्न कसौटियों पर उन्हें ऊपर लाने के लिए अभी भी काफी कोशिश करने की आवश्यकता है। निस्संदेह, जब अगली जनगणना होगी, तब हमारी सामाजिक तरक्की की मुकम्मल तस्वीर सामने आ पाएगी। इस वक्त दुनिया के निवेशक हमारी अर्थव्यवस्था को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यदि इसका लाभ पूंजी बाजारों के आगे संस्थागत विकास को मिलता है, तो यकीनन अगले पांच साल में बीएसई के लखटकिया होने के साथ-साथ देश एक बड़े सामाजिक बदलाव का गवाह बन सकेगा, वरना अरबपतियों की तादाद में कुछ हजार नाम और जुड़ जाएंगे और करोड़ों की आबादी बुनियादी जरूरतों लायक आय के लिए संघर्ष करती मिलेगी।

# टूटना मतलब दल का पतन

प्रो. नवल किशोर

किसी भी राजनीतिक दल के उदय, स्थापना और विस्तार में जन समर्थन ही मुख्य तत्व है। प्राय: चुनावी दंगल में किसी भी दल को हासिल जनादेश को तीन खंड में देखने की कोशिश की जाती है जिसे कोर वोट, समर्थन वोट और तिरती वोट की संज्ञा दी गई है। इन तीनों में कोर वोट किसी भी दल की रीढ़ होती है। इसका टूटना मतलब उस दल का पतन। बाकी दोनों प्रकार के वोटों का ऊपर-नीचे होना स्वाभाविक है क्योंकि वह समसामयिक मुद्दों और अभियान पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना 25 जुलाई 1997 को हुई जो लालू प्रसाद के लिए एक विपरीत कालखंड में हुआ करता था। एक तरफ वह अपनी लोकप्रियता की पराकाष्ठा पर थे वहीं दूसरी तरफ पशुपालन घोटाले के आरोप में उनकी राजनीतिक जीवन बिल्कुल संक्रमण काल से गुजर रही थी। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक फैसले लिए थे। पहला, जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गठन की घोषणा करना और दूसरी अपनी गिरफ्तारी से पूर्व राज्य सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देकर राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाना। उनके नेतृत्व में राजद की सरकार लगभग आठ साल (1997-2005) तक रही थी। उन्नीस सौ नब्बे के दशक में लालू प्रसाद यादव अपनी चुनावी सभाओं में कहा करते थे कि जब तक 'माय' का आशीर्वाद रहेगा तब तक कोई माई का लाल उन्हें सत्ता से बेदखल नहीं कर सकता। उन्होंने जेपी आंदोलन (1974), जनता पार्टी (1977) और जनता दल (1989) के रास्ते बिहार की राजनीति में करिश्माई नेतृत्व, स्वीकार्यता और लोकप्रियता अर्जित की। फिर एक खास परिस्थिति में राजद (1997) का गठन किया। यह उनके सक्रिय राजनीतिक हस्तक्षेप से अर्जित आत्मविश्वास की एक झलक थी। उसी दौर में केंद्र-राज्य के मद्देनजर झटकते हुए उन्होंने एलान किया कि वे घुटनना टेक नहीं बल्कि सीनातान मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार उनके नेतृत्व उभार से स्थापित होने में स्पष्टवादिता एक रोचक पक्ष रही है।

उनकी भूमिका मंडल आयोग रिपोर्ट को लागू कराना हो या आडवाणी को गिरफ्तार कर बिहार में रथयात्रा से संभावित दंगों को रोकने में हो, दोनों परिघटनाओं ने लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों-अकलियतों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था। अपनी करिश्माई एवं जनवादी नीतियों के मद्देनजर वे समाजवाद, सामाजिक न्याय और सौहार्द के मुखर प्रवक्ता बन चुके थे। अपनी वाकपटुता और जन-संपर्क से राष्ट्रीय राजनीति में भी वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। लगभग एक दशक (2005-15) तक विपक्ष में रहने के बाद जब राजद सत्ता में वापस राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने संघ प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण समीक्षा की बात को चुनाव प्रचार में भाजपा विरोध अस्त्र बनाने सफल रहे। परिणामस्वरूप भाजपा को करारी शिकस्त मिली। राजद सबसे बड़े दल रूप में जीत हासिल की और तेजस्वी प्रसाद यादव विधायक दल के नेता निर्वाचित हुए। महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री भी बने। लालू प्रसाद यादव की अनुपस्थिति उन्होंने एनडीए के खिलाफ बिहार विधानसभा (2020) चुनाव पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कारवाई को अभियान का मुख्य बिंदु बनाने में सफल रहे। लगभग सत्रह महीने के कार्यकाल में नौकरी, जाति गणना और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी को तय करने में तेजस्वी ने अहम भूमिका निभाया। जनवरी 2024 में नीतीश कुमार ने एक बार फिर महागठबंधन से नाता तोड़ा और राजद सरकार से बाहर हुए, लेकिन अल्पकालिक कार्यकाल में पांच लाख नौकरी देने के मुद्दे पर सभी जातियों के युवाओं के बीच तेजस्वी की स्वीकार्यता ज्यादा बढ़ती दिखी। उन्होंने कहा कि राजद सिर्फ माय की पार्टी नहीं बल्कि बाप (बीएएपी) की भी पार्टी है, जिसका तात्पर्य बहुजन, अगड़ा, आधी आबादी (महिला) और पुअर (गरीब) है। मूल आशय था कि यह पार्टी सभी जाति/धर्म के सदस्यों के लिए एक समान है।

अपने सीमित कार्यकाल में दिए पांच लाख नौकरी की चर्चा 'एनडीए के सत्रह साल बनाम सत्रह महीने' को सक्रिय अभियान का हिस्सा बनाया। दरअसल 'ए टू जेड' की राजनीति से तेजस्वी प्रसाद ने समाज के सभी धर्म/वर्ग/जातियों को जोड़ने की शुरुआत की है। इटली के सुविख्यात राजनीतिक विचारक निकोलो मैकियावेली ने की उक्ति यहां समुचित प्रतीत होता है -'प्रत्येक राजनेता अपने समय-देशकाल का शिशु होता है। उसके समक्ष अपनी प्राथमिकताएं एवं चुनौतियां होती हैं।' दूसरे शब्दों में, कहा जा सकता है कि लालू प्रसाद यादव के 'माय' समीकरण की राजनीति आज व्यापक फलक को प्राप्त करता हुआ 'बीएएप' अर्थात समावेशी एवं समदर्शी राजनीति को प्राप्त कर चुका है। यह बिहार जैसे विविधतासम्पन्न राजनीतिक प्रदेश के लिए मील का पत्थर सरीखा उपलब्धि है। इससे समाज के प्रत्येक तबके का सतत एवं सामंजस्यपूर्ण विकास संभव हो सकेगा।

नजरिया

> "कुछ साल पहले कर्नाटक के एक शहर की मेयर ने मुझसे पूछा था कि नगरपालिका द्वारा मुहैया कराए जा रहे पानी से अपने प्रांगण, दीवार और वाहन को धोने से वह लोगों को कैसे रोक सकती हैं?

# पानी पर सही शुल्क लगाना और वसूलना हुआ जरूरी

नितिन पई, निदेशक
तक्षशिला संस्थान



कुछ साल पहले कर्नाटक के एक शहर की मेयर ने मुझसे पूछा था कि नगरपालिका द्वारा मुहैया कराए जा रहे पानी से अपने प्रांगण, दीवार और वाहन को धोने से वह लोगों को कैसे रोक सकती हैं? उन्होंने मुझे बताया कि जागरूकता अभियान चलाए गए, जल संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा दिया गया, यहां तक कि नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से भी समझाया गया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जब मैंने उनसे पूछा कि लोग पानी के लिए कितना भुगतान करते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया कि प्रति कनेक्शन मासिक शुल्क सौ रुपये से भी कम है, पर वसूली को सख्ती से लागू नहीं किया गया है। जब मैंने उन्हें बताया कि इसी कारण से उनके संरक्षण के प्रयास असफल रहे, तो वह अचंभित रह गईं।

कम कीमत वाले संसाधनों का अत्यधिक उपभोग किया जाता है। पूरे देश में यही तो हो रहा है, जहां कम कीमत वाले पानी और बिजली के कारण लोग अधिकतम सीमा से अधिक उपभोग कर रहे हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हम जल संकट से जल महा-संकट की ओर जा रहे हैं। पानी को केवल तभी संरक्षित किया जा सकता है, जब इसकी कीमत सही लगाई जाए।

बेंगलुरु में आवासीय पाइप से पानी की कीमत सात रुपये से 45 रुपये प्रति 1,000 लीटर के बीच है। जिन घरों में नगरपालिका जल आपूर्ति की सुविधा नहीं है, वे सामान्य समय में लगभग 150 रुपये और जलाभाव के दिनों में 250 रुपये तक में टैंकरों से पानी खरीदते हैं। इस प्रकार पानी की सीमांत लागत या सही कीमत वास्तव में नगरपालिका द्वारा आपूर्ति होने वाले जल की कीमत से 20 से 35 गुना ज्यादा है। यदि जल की कीमत बढ़ती है, तो लोग संरक्षण के तमाम उपाय भी आजमाने लगेंगे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने निर्णय किया था कि हरेक इंसान को घर से एक किलोमीटर या 30 मिनट से कम दूरी के स्रोत से प्रतिदिन 50 से 100 लीटर पानी पाने का अधिकार होना चाहिए। ऐसे देश में, जहां काफी सारे गरीब और कम आय वाले परिवार हैं, यह पानी भुगतान करने की क्षमता की परवाह किए बिना उपलब्ध होना चाहिए। गरीब परिवारों को पानी की यह बुनियादी मात्रा मुफ्त उपलब्ध कराने का मामला है।

जन-धन, आधार व मोबाइल (जेएएम) की त्रिमूर्ति ने वह बुनियादी ढांचा मुहैया करा दिया है, जिससे पानी की उचित कीमत वसूली जा सकती है और गरीबों को इसे खरीदने के लिए धन उपलब्ध कराया जा सकता है। भारतीय शहरों को कुछ वर्षों पर पानी की कीमतें बढ़ानी चाहिए, जब तक कि वे इसकी सीमांत लागत या सही कीमत के करीब न पहुंच जाएं। इसके साथ ही, गरीब परिवारों को पानी के वाउचर का अधिकार देना चाहिए। ऐसे वाउचरों (या सब्सिडी) को राज्य सरकार के बजट के माध्यम से वित्त-पोषित किया जा सकता है, जब तक कि नगर निगम या जल निगम अपने स्वयं के धन से उन्हें सब्सिडी देने में सक्षम नहीं हो जाते हैं।

प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 100 लीटर पानी उपलब्ध कराना अनिवार्य होना चाहिए। जब तक हम इस मुकाम पर नहीं पहुंचते हैं, तब तक पाइप, बोरवेल, टैंकर या बोतलों का उपयोग करना उन पर आधारित होना चाहिए। मूल्य निर्धारण से जल विवादों का भी समाधान हो सकता है। जो राज्य ज्यादा पानी पर दावा करते हैं, उनके लिए ज्यादा भुगतान करना अनिवार्य हो और जो राज्य अपने कोटे से कम पानी लेते हैं, उन्हें नकद भुगतान किया जा सकता है। मूल्य निर्धारण से पानी की बचत को प्रोत्साहन मिलेगा और उसका आवंटन भी ज्यादा कुशल होगा।

जल नीति का निर्धारण कठिन नहीं है और जल परियोजनाओं को वित्तीय रूप से व्यावहारिक बनाया जा सकता है। यहां सबसे बड़ी बाधा राजनीतिक व्यवस्था है, जो लोक-लुभावनवाद की आदी हो चुकी है। भारतीय राजनेता सशुल्क चीजों को मुफ्त करना जानते हैं। वे मुफ्त चीजों को शुल्क योग्य बनाने के विचार से अपरिचित हैं। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए, देश में मूल्य निर्धारण ने ही एक बड़ा और बेहतर सड़क नेटवर्क तैयार किया है। पानी की कीमत इसलिए नहीं तय की जानी चाहिए कि यह सरकारों के लिए राजस्व का नया स्रोत बन जाए, बल्कि इसलिए करनी चाहिए कि यह जल संरक्षण को बढ़ावा दे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# तमिल राजनीति और एक वीरान टापू

एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक प्रमुख अखबार ने अपने 31 मार्च के संस्करण में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा सन् 1974 में कच्चातिवु नामक द्वीप श्रीलंका को सौंपने का मसला लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु में बड़ा मुद्दा बन सकता है। तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई से मिले दस्तावेज के आधार पर तैयार रिपोर्ट कहती है कि भारत ने श्रीलंका की हठधर्मिता को स्वीकार कर लिया और वर्षों तक दावा जताने के बाद कच्चातिवु श्रीलंका के हवाले कर दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफसे दो ट्वीट किए गए। पहले में कांग्रेस पर हमला बोला गया और कहा गया, नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कितनी बेरहमी से कच्चातिवु श्रीलंका को दे दिया। ट्वीट में आगे लिखा गया है, कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करती रही है। दूसरे ट्वीट में द्रमुक सरकार को घेरा गया और कहा गया कि इसने द्रमुक के दोहरे मानदंडों को बेपरदा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को भारत सरकार के इस फैसले की पूरी जानकारी थी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा कि तमिलनाडु के लोगों को तत्कालीन दोनों सरकारों ने गुमराह किया। उन्होंने पत्रकारों को यह मामला समझाने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। जाहिर है, राष्ट्रीय समाचारों में यह मुद्दा जल्द ही सुर्खियों में आ गया। हालांकि, तमिलनाडु के समाचार चैनलों ने इस खबर को संतुलित बनाने के लिए राज्य के कांग्रेस व द्रमुक नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी दिखाईं। भाजपा नेता इस बात को लेकर भी मुखर थे कि कैसे तमिलनाडु के गरीब मछुआरों के हितों से समझौता किया गया। जाहिर है, इस मुद्दे को हवा देने का मूल कारण तमिलनाडु के मतदाताओं, खासकर तटीय इलाकों में रहने वाले मछुआरों को अपनी ओर आकर्षित करना है।

कच्चातिवु अतीत में तमिलनाडु में एक भावनात्मक मुद्दा रहा है। रामेश्वरम के मछुआरों ने द्वीप के पास मछली पकड़ने संबंधी अधिकार और अपने जाल सुखाने व नावों की मरम्मत की सुविधा की मांग की थी। यह मुद्दा 1980 और 1990 के दशक में सूबाई राजनीति में अक्सर उठता रहा, जिसमें द्रमुक और अन्नाद्रमुक एक-दूसरे पर मछुआरों के अधिकारों को खत्म करने का आरोप लगाते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता ने केंद्र को पत्र लिखकर कहा भी था कि इस द्वीप को श्रीलंका से वापस ले लिया जाना चाहिए। मगर बीते एक दशक से अधिक वक्त से यह कोई मुद्दा नहीं रहा था, क्योंकि मछुआरों के पास अब बेहतर संचार सुविधा और उन्नत नावें आ गई हैं। वे अब कच्चातिवु के आसपास नहीं जाते, जहां उनके मछली पकड़ने पर प्रतिबंध है। इसके बजाय वे अब गहरे पानी में चले जाते हैं, यहां तक कि श्रीलंकाई तटों के करीब भी पहुंच जाते हैं और वहां के सुरक्षा बलों की नाराजगी मोल लेते हैं। दुर्भाग्यवश, मछुआरों की गिरफ्तारी, भारतीय नौकाओं की जब्ती और भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी की नौबत आ जाती है, जिनसे दोनों पड़ोसी देशों में तनाव भी पैदा होता रहा है।

अजीब बात है, तमिलनाडु में मछुआरों का मुद्दा और श्रीलंकाई तमिलों के कत्लेआम भावनात्मक मुद्दे रहे हैं, लेकिन इनका कभी भी राज्य या राष्ट्रीय चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ा। फिर भी, यह मुद्दा अनवरत राजनीतिक विमर्श में बना रहा है। वास्तव में, जो दल सिर्फश्रीलंकाई मसले या मछुआरों के मुद्दों पर अपना जोर लगाते हैं, वे लोगों में अपनी जगह बनाने में विफल ही साबित हुए हैं। यही कारण है कि तमिलनाडु का एक बड़ा तबका हैरान है कि भाजपा ने आखिर इस मुद्दे को अभी क्यों उठाया, क्योंकि इसका मकसद कांग्रेस और उसके क्षेत्रीय सहयोगी द्रमुक को घेरने के अलावा दूसरा कारण नहीं दिखता। भाजपा यही बताने का प्रयास कर रही है कि विपक्षी गठबंधन किस तरह से देश के राष्ट्रीय हितों से समझौता कर चुका है। भाजपा की नजर कन्याकुमारी, थूथुकुडी, नागरकोइल व रामनाथपुरम जैसे तटीय क्षेत्रों की लोकसभा सीटों पर है, जहां उसे लगता है, मछुआरों का मुद्दा प्रभावी साबित होगा।

अगर इस मामले पर नजर डालें, तो करीब 1.9 वर्ग किलोमीटर का यह द्वीप भारत और सीलोन के बीच ब्रिटिश कब्जे से मुक्त होने से बहुत पहले विवादित था। चूंकि ब्रिटिश हुकूमत इस मसले का हल नहीं निकाल सकी, इसलिए उसने दोनों पक्षों के मछुआरों को द्वीप पर जाने की अनुमति दे दी। इसीलिए, कच्चातिवु कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था। आजादी के बाद जब यह मुद्दा फिर से उठा, तो 1974 में लंबी चर्चा के बाद भारत और श्रीलंका के बीच अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा खींच दी गई और भारत ने इस द्वीप पर अपना दावा छोड़ दिया। इसमें दोनों पक्षों द्वारा वहां मछली पकड़ने का समझौता हुआ। साल 1976 में दोनों देशों के बीच विशेष आर्थिक क्षेत्र बना, जिसकी वजह से भारत ने मछली पकड़ने का अपना अधिकार वापस ले लिया। वास्तव में, भारत ने कन्याकुमारी की ओर से 'वाड्ज बैंक' के लिए सौदेबाजी की। चूंकि श्रीलंका को कच्चातिवु मिल गया, इसलिए उसने इस पर कोई दावा नहीं किया। नतीजतन, भारत को समुद्र में अपेक्षाकृत बड़ा हिस्सा मिला, जो विविधता के मामले में समृद्ध है और यहां मछली भी खूब है। कुछ पर्यवेक्षक तो इसके लिए इंदिरा गांधी की सराहना करते हैं, क्योंकि यह इलाका तेल व खनिज संसाधनों से भी समृद्ध है।

चूंकि कच्चातिवु द्रमुक और अन्नाद्रमुक, दोनों के लिए विवादास्पद है, इसलिए वे दोनों दल एक-दूसरे पर आरोप उछालकर और केंद्र को भी घेरे में लेकर तटीय इलाकों के मतदाताओं को लुभाना चाहते हैं। अभी यही सब हो रहा है। 'वाड्ज बैंक' कोई द्वीप नहीं है, बल्कि इको सिस्टम के लिए एक सामान्य शब्द है। दुनिया में ऐसे 20 वाड्ज बैंक हैं। भारत सरकार ने हाल ही में यहां तेल की खोज की प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास किया था, लेकिन मछुआरों के विरोध के कारण इसे स्थगित कर दिया गया, क्योंकि उनको डर है कि इससे यहां के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है।

बेशक, इस पूरे मसले में कोई कांग्रेस पर शक कर सकता है या इंदिरा गांधी को विवादों में घसीट सकता है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि वह इंदिरा गांधी ही थीं, जिन्होंने बांग्लादेश को आजाद कराया और सिक्किम का विलय भारत में कराया था।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## चीन का भारत के विरुद्ध संघर्षपूर्ण रवैया जारी

चीन ने भारत के विरुद्ध टकराव एवं संघर्षपूर्ण रवैया जारी रखते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नए नामों की चौथी सूची जारी की है। इससे जाहिर होता है कि इसने अपनी विस्तारवादी नीति का परित्याग नहीं किया है। चीन की यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा के करीब एक पखवाड़े बाद आई है।

हालांकि प्रधानमंत्री की इस यात्रा के समय ही चीन ने अपना राजनयिक विरोध दर्ज कराया था। मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। इस सुरंग से क्षेत्र में भारतीय सैनिकों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की प्रतिक्रिया को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। राजनयिक स्थिति यह है कि भारत तिब्बत को चीन का हिस्सा मानता है, लेकिन चीन अरुणाचल प्रदेश को विवादास्पद करार देता है। इसी आधार पर पिछले अनेक वर्षों से चीन की ओर से स्टेपल वीजा जारी किए जाते हैं।

वस्तुत: चीन यह अपेक्षा रखता है कि समूची दुनिया उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे, लेकिन विडंबना देखिए कि वह स्वयं दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान नहीं करता। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों के घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि चीन ने दुनिया विशेषकर एशियाई देशों का सहयोग गंवाया है। जापान, दक्षिण कोरिया, वियेतनाम और कई आसियान देश दक्षिण चीन सागर और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में चीन की दादागीरी को लेकर आशंकित हैं। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना के दु:स्साहस से उसने भारत का भी विश्वास खोया है।

वस्तुत: अरुणाचल में चीन के अनधिकृत दावे से स्पष्ट होता है कि वह भारत को ऐसा देश समझता है, जिसे कभी भी नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद भारतीय खेमे में भी दृढ़ता आई है। चीन तिब्बत को अपना स्वायत्तशासी प्रदेश कहता है तथा भारत भी 'एक चीन नीति' के तहत ताइवान के साथ तिब्बत को चीन का हिस्सा स्वीकार करता है। आने वाले दिनों में यह स्थिति बदल सकती है।

# शिक्षक की संवेदनहीनता

सतीश सिंह

अहमदाबाद के एक नामचीन निजी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने नौवीं कक्षा के मिर्गी की बीमारी से पीड़ित 'एक्स' छात्रा के समक्ष उसके पिता से कहा 'अगर मिर्गी की बीमारी की वजह से आपकी बेटी कक्षा में लगातार अनुपस्थित रह रही है तो आप किसी ओपेन स्कूल में उसका दाखिला करवा दीजिए, ताकि उसे रोज स्कूल जाने के बंधन से मुक्ति मिल जाए और सिर्फ परीक्षा देने के लिए ही स्कूल जाना पड़े।'

प्रत्युत्तर में 'एक्स' छात्रा के अभिभावक ने कहा, 'मैडम, इस बीमारी में बच्चे का कम से कम 9 से 10 घंटे सोना जरूरी होता है, अन्यथा मिर्गी का ट्रिगर आ सकता है। इसलिए नींद नहीं पूरा होने पर 'एक्स' स्कूल नहीं जा पाती है, इस वजह से पूर्व के स्कूलों में भी 'एक्स' का 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरा नहीं हुआ था, पर कभी भी किसी शिक्षक या प्रिंसिपल ने इस तरह की आपत्तिजनक सलाह नहीं दी, एक शिक्षक होकर आप ऐसी बेतुकी बातें कैसे कर सकती हैं, क्या आपको नहीं मालूम है कि ऐसा करने से बच्चे पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ सकता है, उसके व्यक्तित्व का विकास भी बाधित हो सकता है आदि।' वाइस प्रिंसिपल से इस तरह के संवेदनहीन और अनैतिक सलाह की कतई अपेक्षा नहीं की जा सकती है, वह भी पीड़ित छात्रा के सामने, लेकिन शिक्षा के संक्रमण के दौर में शिक्षा और शिक्षकों का इस कदर बाजारीकरण हो चुका है कि शिक्षकों के संवेदनशील होने की कल्पना करना बेमानी है।

अब टीचर और बुचर के बीच के फर्क की परत बहुत तेजी से छीज रही है। शायद इसी वजह से कोटा और देशभर में बड़ी संख्या में बच्चे हर साल आत्महत्या कर रहे हैं। निजी स्कूलों में सुविधाओं की बात करें तो मुश्किल से 5 प्रतिशत स्कूलों में ही खेल का मैदान है। ऐसे में, इंडोर गेम खेलकर बच्चे शारीरिक रूप से कितने फिट रहेंगे? अमूमन, निजी स्कूलों में न ही लाइब्रेरी होती है और न ही फर्स्ट एड की व्यवस्था। आजकल निजी स्कूलों में बच्चों को विभिन्न मुद्दों पर परामर्श देने के लिए काउंसलर भी रखा जा रहा है, लेकिन इनकी उपयोगिता भी सवालों के घेरे में हैं। कुछ स्कूलों में तो आज ड्रग्स और पॉर्न का बाजार भी फल-फूल रहा है।

नर्सरी कक्षा से ही निजी स्कूलों में अभिभावकों से 1 से 1.5 लाख रु पए सालाना फीस वसूली जा रही है। बस का चार्ज अलग से लिया जा रहा है। आर्ट व क्राफ्ट एवं अन्य गतिविधियों के नाम पर अभिभावकों को पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। बावजूद इसके, स्कूलों में अभिभावकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता है। निजी स्कूलों में मोटी फीस जरूर वसूल की जा रही है, लेकिन ऐसे अधिकांश स्कूलों में शिक्षा का स्तर दोयम दर्जे का है। कई निजी स्कूलों की हालत सरकारी स्कूलों से भी बदतर है। निजी स्कूलों में शिक्षकों का वेतन कम होने के कारण ज्ञानहीन शिक्षक अध्यापन का काम कर रहे हैं, जो बच्चों को पढ़ाने की कला से अनभिज्ञ होते हैं, क्योंकि वे प्रशिक्षित नहीं होते हैं।

दरअसल, बेरोजगारी की वजह से युवा कम वेतन में भी स्कूल में पढ़ाने के लिए तैयार हो जाते हैं, लेकिन आमतौर पर उनके घर की जरूरतें वेतन से पूरी नहीं हो पाती है, जिसके कारण उन्हें ट्यूशन पढ़ाना पड़ता है। ट्यूशन के लिए स्कूल के बच्चों के अभिभावकों को राजी करना सबसे आसान होता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों को स्कूल में इस तरह से पढ़ाया जाता है कि विषय की सामग्री उन्हें समझ में नहीं आए। साथ ही, वार्षिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाओं, परियोजनाओं, अतिरिक्त गतिविधियों में 20 में से 20 नंबर उन्हीं बच्चों को दिया जाता है, जो ट्यूशन पढ़ते हैं। यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होती है और शिक्षकों द्वारा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है।

अकूत पैसा कमाने की चाहत की वजह से एक कक्षा में 40 से 50 बच्चों को पढ़ाया जाता है। शिक्षक कक्षा में सिर्फ तेज बच्चों के तरफ ध्यान देते हैं, जिसके कारण अधिकांश बच्चों की संकल्पनाएं विषय के बारे में स्पष्ट नहीं हो पाती है। हालांकि, यह सच है कि अगर स्कूल में शिक्षक समुचित तरीके से पढ़ाएंगे तो बच्चों को ट्यूशन पढ़ने की जरूरत कभी नहीं पड़ेगी। मौजूदा समय में पेन, पेंसिल, कॉपी, स्कूल बैग, जूते, मोजे, ड्रेस, किताब हर चीज की खरीदगी में स्कूल कमीशन ले रहा है।

निजी स्कूलों में किताबों को एमआरपी पर बेचने का ढोंग किया जाता है, क्योंकि उनकी एमआरपी उनकी वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक होती है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फोर्मेशन सिस्टम फॉर एडुकेशन (यूडीआईएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 में भारत में कुल स्कूलों की संख्या 14,08,115 थी, जबकि निजी स्कूलों की संख्या लगभग 3.40 लाख थी। भले ही सरकारी स्कूलों की संख्या ज्यादा है, लेकिन आर्थिक रूप से सबल अभिभावक; बच्चे को अंग्रेजी में बेहतर शिक्षा मिले, वे संचार कौशल में प्रवीणता हासिल करें आदि के लिए उन्हें निजी स्कूलों में दाखिला करवाते हैं।

देखा जाए तो देश में आज एक ऐसा पारिस्थितकी तंत्र का निर्माण हो चुका है, जिसमें सरकारी स्कूलों को हेय की दृष्टि से देखा जा रहा है। यह माना जा रहा है कि अगर निजी स्कूल में बच्चे पढ़ेंगे तभी उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। निजी स्कूल, अभिभावकों की इस कमजोरी को अच्छी तरह से समझ चुके हैं। वे जान गए हैं कि अभिभावक अपने बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं अर्थात वे बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कोई भी कीमत अदा कर सकते हैं। इसलिए, निजी स्कूल के शिक्षक और प्रबंधन अभिभावक से पैसे वसूलने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं।

आज शिक्षा कारोबार बन चुका है, जिसके कारण शिक्षा के मंदिरों में संवेदनशीलता और मानवता का भी लोप हो रहा है। स्कूल प्रबंधन का लक्ष्य ज्ञान वितरित करने की जगह मुनाफा अर्जित करना हो गया है। लिहाजा, देशभर में निजी स्कूलों के आभामंडल को लगातार चमकीला, आकषर्क और प्रभावशाली बनाया जा रहा है, ताकि आमजन खुद व खुद इसकी तरफ खिंचा चला आए। देश के हिंदी पट्टियों में अभी भी अंग्रेजी का प्रभामंडल बहुत ही ज्यादा प्रकाशमान है। इसलिए, आमजन अपने बच्चों को अंग्रेजी में प्रवीण बनाने और उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु निजी स्कूलों के सब्जबाग में फंस जाते हैं। आज शिक्षा बाजार बन चुका है और इस बाजार में अभिभावक स्कूलों में मोटी फीस जमा करने के बाद भी शिक्षकों के सामने डर की वजह से कुछ नहीं बोल पा रहे हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair

DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को बताया गया मतदान का महत्व

**दंतेवाड़ा।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में स्वीप कार्यक्रम के तहत बृहद पैमाने पर मतदाता जागरूकता के मद्देनजर जिले के ग्राम पोंडूम में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु आम लोगों को प्रेरित किया गया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम ग्रामीणों को एक-एक वोट के महत्व के बारे में प्रस्तुति दी गई। नाटक में बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना मौलिक अधिकार है। और आपके द्वारा किया गया मतदान पूर्ण रूप से गोपनीय रहता है। इसलिए निर्भय होकर अपने क्षेत्र विकास के लिए प्रत्येक चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और सुदृढ़ लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए स्वयं तथा आस पास के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। और मतदान जागरूकता से संबंधित पोस्टर होर्डिंग के सहायता से ग्रामीणों को मतदान के दिन मतदान करने को कहा गया। साथ ही साथ आम लोगों से अपील किया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

### मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य

**सूरजपुर।** लोकसभा चुनाव के होने वाले मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के साथ अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों को भी मान्यता दिया गया है। मतदाता किसी कारणवश पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो उसे वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मतदाता को अपनी पहचान के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों की ओर से जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, आरजीआई एवं एनपीआर द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी फोटो मतदाता पर्ची व आधार कार्ड दिखाने होंगे।

#### कलेक्टर अग्रवाल को मीडिया की मौजूदगी में सौंपा गया वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रोविजनल प्रमाण पत्र

## नारी शक्तियों ने मतदाता जागरूकता में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। लोकसभा निर्वाचन के तहत जिलेवासियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान में जिले की महिलाओं ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में गरियाबंद जिले का नाम दर्ज कराया। जिले की लगभग 1 लाख महिलाओं ने निर्धारित समय में अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर रिकॉर्ड कायम किया।



गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के छत्तीसगढ़ हेड सोनल राजेश शर्मा ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल को कलेक्टर सभाकक्ष में मीडिया की मौजूदगी में प्रोविजनल प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया। दरअसल कलेक्टर अग्रवाल के नेतृत्व में आज सेल्फी विथ एपिक अभियान चलाया गया।

इसके तहत जिले की महिलाओं ने एपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर में प्रेषित किया। नवरात्रि के पहले दिन जिले की नारी शक्तियों ने सेल्फी विथ ईपिक अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। परिणामस्वरूप लगभग 1 लाख महिलाओं ने ईपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर प्रेषित किए। मतदाता जागरूकता के इस अनोखे अभियान से वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। वर्ल्ड रिकार्ड की जानकारी देने आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के छत्तीसगढ़ हेड सोनल राजेश शर्मा ने जिले की महिलाओं एवं जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता के तहत किए गए सेल्फी विथ ईपिक अभियान से लोगों में मतदान के प्रति जागरुकता आएगी। साथ ही परिवार एवं आस पड़ोस के लोग अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने आज जिले में अनोखा अभियान चलाया गया। जिलेवासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने सेल्फी विथ ईपिक अभियान चलाया गया। इसके तहत जिले की नारी शक्तियों ने अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी ली। लगभग एक लाख महिलाओं ने सेल्फी लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर पर प्रेषित किया। इस प्रकार जिले की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता के तहत निर्धारित समय में लगभग एक लाख सेल्फी लेकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में गरियाबंद जिले का नाम दर्ज कराया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि इसमें जिले की नारी शक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए एक लाख से अधिक सेल्फी भेजें। उन्होंने रिकॉर्ड कायम करने पर जिले की महिलाओं और जिला प्रशासन की टीम को भी बधाई दी।

## डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक बनाये गये कोरिडोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा दर्शन के लिए डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों एवं वाहन चालको के सुरक्षित आवागमन के लिए दिये गये निर्देश पर सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में दुर्ग पुलिस द्वारा कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कोरिडोर बनाकर रूट निर्धारित किये गये है।

जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से 04 पेट्रोलिंग वाहन तैनात किये गये है, जो लगातार 24 घण्टे 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पेट्रोलिंग करेगें। जो लाउड स्पीकर के माध्यम से पदयात्रियों को बाएं चलने के निर्देश देते रहेगें और इस मार्ग में किसी प्रकार का अवरूद्ध उत्पन्न नहीं होने देगें। इसी प्रकार पदयात्रियो के सहायता के लिए अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्र बनाये गये है।




पदयात्रियो के लिए बनाये गये रूट चार्ट - कुम्हारी टोल प्लाजा- सिरसा गेट चौक-डबरापारा तिराहा-खुर्सीपार तिराहा-पावर हाउस अण्डर ब्रिज-मुर्गा चौक-सेन्ट्रल एवेन्यु होते हुए सेक्टर-09 चौक-ठगडा बांध ओवर ब्रिज-जेल तिराहा-गांधी तिराहा-पटेल चौक-पुलगांव चौक-शिवनाथ नदी ब्रिज-अंजोरा बाईपास-राजनांदगांव से होकर डोगरगढ़ जायेगें। दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों से अपील - पदयात्री अपने बैग में रेडियम स्टीकर लगाकर चले एवं रफ्लेक्टिव कपडे पहने डार्क कलर का कपडा ना पहनें ताकि वाहन चालक को आप आसानी से दिखाई दे सकें। सड़क के एकदम किनारे बांये ओर चले वाहन चलने वाले सडक पर ना चले ताकि दुर्घटना से बच सकें। देर रात यात्रा प्रारंभ करने से बचें। प्रशासन द्वारा निर्धारित पदयात्रा मार्ग पर ही चले। पदयात्रा के दौरान सड़क पर विश्राम ना करे अन्यथा एक गंभीर दुर्घटना के शिकार हो सकते है। पदयात्रा मार्ग पर बांये ओर वाहन चल रहे होगें अतः सचेत एवं चौकन्ना होकर पदयात्रा करें। हाईवे में सर्विस लेन का प्रयोग करे।

दर्शन के लिए वाहन से जाने वाले वाहन चालको से अपील - देर रात यात्रा करने के बचे, अधूरे नींद (अनिंद्रता) में वाहन ना चलाये। वाहन में क्षमता से अधिक सवारी ना बैठायें। शराब एवं किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन ना चलाये। सड़क पर वाहन पार्क ना करें। कुम्हारी से डोगरगढ़ तक वाहनों का रूट निर्धारित किया गया है।

## हिन्दू नववर्ष और नवरात्र पर मतदान 'कलश यात्रा' से सराबोर हुआ क्षेत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्र के पहले दिन के विशेष मंगल बेला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और नोडल अधिकारी स्वीप सह परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बरमकेला के सभी ग्राम पंचायतों में वृहद रूप से गांव-गांव में धार्मिक पर्व के रूप में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

भारत गांवों में बसता है, वाक्य को चरितार्थ करते हुए ग्रामीणों ने भारत के लोकतंत्र के पर्व देश के गर्व को धार्मिक रंग में ''कलश यात्रा'' के रूप में ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। बरमकेला ब्लॉक के इस वृहद आयोजन में सभी किशोर, युवा, बुजुर्ग महिला पुरूषों ने सहयोग प्रदान किया, जिसमें लगभग 5000 से अधिक लोग शामिल हुए और मतदान करने हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रंगोली, कलश सजाना, मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सभी महिलाएं धार्मिक पर्व पर जिस प्रकार से कलश यात्रा में वस्त्र, श्रृंगार के साथ कलश का धारण करती हैं, ठीक वैसे ही इस मतदाता जागरूकता अभियान के कलश यात्रा में वस्त्र, श्रृंगार के साथ कलश का धारण की थीं। इससे समूचा बरमकेला ब्लॉक मतदान के कलश यात्रा से सराबोर रहा।

## चेम्बर भवन में जीएसटी कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिला चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा द्वारा सोमवार 8 अप्रेल को शाम 5 बजे जी.एस.टी. से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला एवं परिचर्चा में स्टेट जी.एस.टी. कोरबा वृत्त 2 के सहायक आयुक्त एम.एल. निर्मलकर एवं कीर्तिका राज तथा राज्यकर अधिकारी एच.के. देवांगन ने व्यापारियों की शंकाओं व समस्याओं का समाधान किया।



सहायक आयुक्त एम.एल. निर्मलकर ने कहा कि व्यापारियों द्वारा नियमित व निर्धारित समय पर कर भुगतान किये जाने की स्थिति में जी.एस.टी. के प्रावधान अत्यंत सहज व सुगम हैं। यदि नियमित कर भुगतान नहीं किया जाता है उस स्थिति में भी उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान मौजूद हैं। आप लोग सकारात्मक रवैया अपनाते हुए बेझिझक सम्पर्क कर सकते हैं, हम सदैव आपके साथ हैं। अनेक प्रश्नों के समुचित समाधान प्रस्तुत करने के पश्चात उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के सेमिनार का आयोजन प्रतिमाह किया जाना चाहिए। इस पर सभी उपस्थित व्यापारियों ने अपनी सहमति जताई। इस सेमिनार में जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष श्री रामसिंह अग्रवाल के साथ वर्तमान अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, सहित अन्य पदाधिकारी एवं सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने किया प्याऊ केंद्र का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

सारंगढ़ बिलाईगढ़ । भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ स्थानीय संघ सारंगढ़ द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला शिक्षाधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एस एन भगत के निर्देशन में सारंगढ़ में प्याऊ केंद्र का उद्घाटन कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू एवं आजीवन सदस्य तथा समाजसेवी महेंद्र केजरीवाल द्वारा जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिंह साहू, जिला संगठन आयुक्त लिंगराज पटेल ,जिला संयुक्त सचिव बृंदा साहू की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया।




कलेक्टर ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का कार्य प्रशंसनीय है। विकासखंड सचिव ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि इस प्याऊ कार्य में कन्या शाला सारंगढ़ एवम आसपास के विद्यालय के स्काउट्स एवम गाइड्स गर्मी भर प्याऊ केंद्र में अपनी सेवाएं देंगे। विदित हो कि जिला सचिव दीपक कुमार पांडे ,जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त पवन कुमार नायक आदि स्काउट गाइड के पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकास खंडों में प्याऊ केंद्र गर्मी भर संचालित किए जाएंगे।

सारंगढ़ के प्याऊ केंद्र उद्घाटन के अवसर पर जिला कार्यालय सहायक कन्हैया लाल लहरे,वृंदा साहू, गुणवती साहू, उषा निराला, रुकमणी देवांगन, भगवान प्रसाद बसंत आदि उपस्थित थे। ये सभी गर्मी भर प्याऊ केंद्र का संचालन करने में सहयोग करेंगे। इसी तारतम्य में सरसीवां प्याऊ केंद्र में भागवत साहू,धात्री नायक ,मीना जांगड़े,गाताडीह में शंकर लाल साहू,पूनम सिंह साहू, भटगांव में कुशल कुमार मिरी,मनोहर लाल साहू , बरमकेला में राजाराम साहू, समयलाल काठे आदि स्काउटर गाइडर गर्मी भर प्याऊ केंद्र का संचालन करेंगे।

#### मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर बिरहोर बस्ती पहुंचे कलेक्टर गोयल

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को दिलाई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के नेतृत्व में जिला प्रशासन मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर विकासखंड तमनार के विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य ग्राम कचकोबा पहुंचे। जहां स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।



कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। उन्होंने इस दौरान बुजुर्ग एवं नए मतदाताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है, इसमें सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय बोली बिरहोर में 'इंग भारत इया अथरे भारत इदना' मैं भारत हूं, भारत है मुझमें कहते हुए कहा की हम सब से देश हैं और हमें देश के लिए अपना बहुमूल्य वोट देना आवश्यक है। उन्होंने आगामी 7 मई को मतदान दिवस के दिन सभी लोगों को अवश्य मतदान करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने वृद्ध मतदाता श्रीमती समारी, एतवारिन बिरहोर, अजीराम बिरहोर सहित नये मतदाता गीता बिरहोर, नरेशी बिरहोर, सुमित्रा बिरहोर, रामेश्वरी से चर्चा की तो उन्होंने परिवार संग अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन में लोगों की सहभागिता बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान हेतु विकासखंड पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें बड़ी संख्या में जन सामान्य शामिल हो रहे है और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी कर रहे है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के 461 बिरहोर मतदाताओं को नेवता तुहर दुवार आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम श्री रमेश मोर, तहसीलदार रिचा सिंह, सीईओ जनपद पंचायत वीरेन्द्र सिंह राय, बीएमओ मिंज, बीईओ श्रीमती मोनिका गुप्ता, पशुपालन विभाग से कुशवाहा, सीडीपीओ अर्चना मरकाम एवं उद्यान अधिकारी संजय भगत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कचकोबा में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में ग्रामवासी काफी उत्साहित नजर आए। लोगों ने आगामी होने वाले निर्वाचन के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील करते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के साथ उत्सुकता के साथ सेल्फी ली।

कलेक्टर गोयल ने आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदान हेतु लोगों को शपथ दिलाई। इस दौरान बिरहोर बस्ती के लोगों ने स्थानीय बिरहोर बोली में अंकित श्लोगन के माध्यम से आगामी 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित किया।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### डिप्टी सीएम ने की घायलों की मदद

**रायपुर ( ए. )।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मानवता मंगलवार को देखने को मिली, जब उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों के लिए गाड़ी की व्यवस्था कर अस्पताल भिजवाया। उप मुख्यमंत्री हिन्दू नववर्ष पर



कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने अपने काफिले के साथ रायपुर से आ रहे थे। इस दौरान सिमगा के पास ग्राम सड्डु में तेज रफ्तार दो बाइक के बीच हुई भिड़ंत में तीन सवाल घायल मिले। उप मुख्यमंत्री ने घायलों की हालत को देखते हुए तत्काल गाड़ी की व्यवस्था कर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया।

### राज्यपाल को मिला चैट्रीचंड शोभा यात्रा में शामिल होने का न्योता

**रायपुर ( ए. )।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में सिंधी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा चैट्रीचंड पर आयोजित शोभा यात्रा



कार्यक्रम के लिए राज्यपाल को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, अमित चिमनानी सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### निगम ने इन तीन पर्व पर मांस बिक्री पर किया बैन

**रायपुर ( ए. )।** नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में चेटीचंड पर्व 10 अप्रेल, रामनवमी पर्व 17 अप्रेल, महावीर जयंती पर्व 21 अप्रेल को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नपानि के स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छग नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने-अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

# राजनाथ की दंतेवाड़ा में आमसभा 13 को

## इसी दिन राहुल गांधी की भी सभा, बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में कांग्रेस

**रायपुर ( ए. )।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बस्तर की एक सीट पर ही चुनाव होना है, लेकिन इस एक ही सीट के लिए भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बस्तर लोकसभा के लिए सोमवार को छोटे आमाबाल में सभा हो चुकी है, वहीं अब केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की 13 अप्रैल को दंतेवाड़ा में एक आमसभा होगी। राजनाथ सिंह की एक और आमसभा इसी दिन खैरागढ़ में भी होगी। इसी दिन कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आम सभा जगदलपुर में होगी।

लोकसभा के चुनाव छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को बस्तर में मतदान होगा। बस्तर को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों गंभीर हैं। यहां पर भाजपा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की हर विधानसभा में सभाएं कराने की रणनीति बनाई है। कई विधानसभाओं में सभाएं हो भी गई हैं। इसी के साथ आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आम सभा कोंडागांव के भानपुरी के छोटे आमाबाल में हुई है। बस्तर में जहां प्रदेश के भाजपा नेताओं की सभाएं हो रही हैं, वहीं कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता भी वहां पर लगातार जुटे हुए हैं।



केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की 13 अप्रैल को दो सभाएं होंगी। एक सभा बस्तर लोकसभा के लिए दंतेवाड़ा में होगी। इसी के साथ दूसरी सभा राजनांदगांव लोकसभा के लिए खैरागढ़ में होगी। भाजपा का राजनांदगांव पर भी बड़ा फोकस है, क्योंकि यहां पर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। राजनांदगांव लोकसभा के कवर्धा में भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा रखी गई थी, लेकिन उनका स्वास्थ्य खराब होने के कारण वहां पर मप्र के मुख्यमत्री डा. मोहन यादव की सभा कराई गई। अब राष्ट्रीय नेताओं में राजनाथ की सभा कराई जा रही है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की भी इस लोकसभा के लिए सभा की तैयारी है, उनका समय मिलने पर कार्यक्रम जारी होगा।

कांग्रेस ने राहुल गांधी की सभा में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी की है। जगदलपुर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में होने वाली सभा में कांग्रेस ने एक तरफ जहां भारी भीड़ जुटाने की तैयारी की है, वहीं सभा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ कुछ और राष्ट्रीय नेताओं को भी बुलाने की तैयारी है। इसी के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ प्रदेश के कांग्रेस के ज्यादातर दिग्गज नेता भी सभा में रहेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष महंत का मानसिक संतुलन ठीक नहीं : शिवरतन शर्मा

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का मानसिक संतुलन ठीक होने का नाम नहीं ले रहा है। पीएम मोदी के सिर फोड़ने वाले बयान के बाद फिर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी को डिफाल्टर कह कर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी है। इसकी शिकायत के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर उन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग की हिदायत के बाद भी महंत और कांग्रेस पार्टी के नेता आए दिन पीएम मोदी को सिर फोड़ने, गाली देने सहित उनके व्यक्तित्व को लेकर अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल कर रहे है। इसके लिए चरण दास महंत जी आप कब माफी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ही कांग्रेस के फंड में गबन का आरोप लगा रहे हैं कि ऐसे में महंत जी बताएंगे कि आपकी पार्टी में डिफाल्टरों की कितनी संख्या है। इसलिए आज वे कोरबा में अपनी पत्नी के प्रचार में रात में जाते हैं, कि कहीं कोई काम का हिसाब न ले ले। उन्होंने कहा कि बस्तर में लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा भी महंत की तरह ही खुद का मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। वे कभी दारू पीने और नाचने के लिए लोगों को कहते हैं तो कभी आदिवासी समुदाय को धनुष-तीर लेकर पुलिस वालों को मारने के लिए जनता को भड़का रहे हैं। कवासी लखमा का बयान साफबता रहा है कि टारगेट किलिंग किनके इशारो पर हो रही है। इस दौरान पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी राहुल राय भी उपस्थित रहे।

# सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग पहल: एनटीपीसी नवा रायपुर को मिला स्वर्ण पदक



**रायपुर ( ए. )।** यूपी की राजधानी लखनऊ में 7-8 अप्रैल को आयोजित 32वें कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन मीट-2024 में एनटीपीसी-नवा रायपुर को सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग पहल के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। निदेशक (मानव संसाधन) दिलीप कुमार पटेल ने सहदेव सेठी, वरिष्ठ प्रबंधक (नैगम संचार), एनटीपीसी नवा रायपुर को पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) एन श्रीनिवास राव; हरजीत सिंह, कार्यकारी निदेशक - नैगम संचार; डॉ. अनिल कुमार डांग, महाप्रबंधक - मानव संसाधन, एनआरएचक्यू और के एम प्रशांत, महाप्रबंधक (नैगम संचार) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

यह पुरस्कार विशेष रूप से आउटडोर प्रदर्शन और प्रदर्शनियों के माध्यम से कंपनी की ब्रांड पहचान को बढ़ावा देने में एनटीपीसी नवा रायपुर के प्रयासों को मान्यता देता है। रायपुर हवाई अड्डे के आगमन और प्रस्थान क्षेत्रों पर प्रदर्शन बोर्ड, रायपुर हवाई अड्डे के पास 1.7 किलोमीटर की दूरी पर ब्रांडिंग बोर्ड की स्थापना, नया रायपुर में यूनिपोल, एनटीपीसी नया रायपुर कार्यालय के पास चौराहे पर साइनेज और आईपीएस-2024, न्यू इंडिया फेस्टिवल जैसी प्रदर्शनियों और प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईआईटी नया रायपुर, एनआईटी रायपुर, एआईएमए, अरेरा क्लब आदि में प्रमुख कार्यक्रमों में भागीदारी उल्लेखनीय है।

## ईद पर रंग-बिरंगी सेवइयों से सजा बाजार



**रायपुर ( ए. )।** रमजान का पवित्र एक महीना पूरा होने को है। 11 अप्रैल को ईद धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई। शहर की दुकानों में हैदराबादी, इलाहाबादी सहित विभिन्न शहरों की सेवइयों व फेनी का बाजार सज गया है। ईद को खुशनुमा बनाने रोजेदार सेवइयां खरीदना शुरू कर दिए हैं। चमेली चौक के पास दुकान में सेवइयां बेच रहे मोहम्मद असलम निर्वाण ने बताया कि उनके पास टाटा, बनारसी, इलाहाबादी, हैदराबादी, कोलकाता आदि शहरों की मीठी सेवइयां उपलब्ध है, जिसकी कीमत 100 से लेकर 400 रुपये किलो है। सभी सेवइयां शुद्ध घी से तैयार होती हैं, इसलिए यह मार्केट में महंगी मिलती हैं।

सेवइयों में डालने के लिए ड्राई फ्रूट भी उनके पास उपलब्ध हैं। छुआरा, काजू, किशमिश, बादाम आदि की मांग सबसे ज्यादा है। विदित हो कि रमजान का एक महीना पूरा होने के बाद ईद मनाई जाती है।

# लावारिस हालत में खड़े वाहनों को किया जब्त

**रायपुर ( ए. )।** मौदहा पारा थाने के पास सड़क के किनारे खड़े एक चौपहिया वाहन जो कि यातायात में बाधक बन रहा था, उसे निगम की टीम ने जप्त कर सड़क से हटा लिया। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार निगम द्वारा सड़क यातायात पर बाधा बन रहे इस तरह के वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 2 के जोन कमिश्नर आर के डोंगरे ने बताया कि मौदहा पारा थाने के पास पुलिस क्वार्टर के नजदीक एक चौपहिया वाहन जो कि जली हुई हालत में थी, कंडम हालत में खड़ी थी। इस वाहन की वजह से यातायात में बाधा आ रही थी। उस वाहन को जप्त कर सड़क



से उठा लिया गया। निगमायुक्त अबिनाश मिश्रा ने कहा कि कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार सड़कों पर लावारिस हालत में खड़े वाहनों की जप्ती की करवाई लगातार की जा रही है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी की जाएगी।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी विविध कलाएं




**रायपुर ( ए. )।** राजधानी के भाटागाँव स्थित हैप्पी हाट्र्स किड्स एकेडमी ने एक समर कैंप का आयोजन किया, जिसमें बच्चों को विभिन्न सृजनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों के प्रति परिचय कराया गया। इस कैंप में ड्राइंग, पेंटिंग, डांस, संगीत, योगा, क्ले आर्ट, और जुंबा में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एकेडमी के कुशल शिक्षकों ने कैंप में बच्चों का मार्गदर्शन किया।

प्रत्येक दिन की शुरुआत राष्ट्रगान से होती थी, जिससे दिन की गतिविधियों के लिए एक सम्मानपूर्ण और देशभक्तिपूर्ण स्वर निर्धारित होता था। होली का उत्सव स्कूल परिसर में मनाया गया था, जिससे परिवेश रंगों और आनंद से भर गया, रंगों और गुलाल से सजे बच्चों के चेहरे खुशियों से खिल उठे। बच्चों को अच्छे और बुरे तौर-तरीकों के बारे में पोस्टर्स, बैनर्स, और स्लोगन्स की मदद से सिखाया गया। विशेष बात यह है कि, यह कैंप पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान किया गया था, इसमें बच्चों के लिए लंच की भी व्यवस्था भी, जिसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया गया। इस पहल ने न केवल बच्चों को बल्कि उनके माता-पिता को भी गहराई से प्रभावित किया, उनके दिलों को जीत लिया।

कैंप के अंतिम दिन बच्चों को वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को उनके धर्म और संस्कृति से परिचित कराना था, यह अकादमी द्वारा एक प्रशंसनीय प्रयास था। स्कूल के प्रिंसिपल ने सभी शामिल लोगों के प्रयासों की सराहना की और धन्यवाद दिया, जिससे एक ऐसे कैंप का सफल समापन हुआ जो न केवल शैक्षिक था बल्कि बच्चों के लिए आनंददायक भी था।

## महिलाओं ने बर्तन-स्टेशनरी का किया दान, विकलांगो-जरूरतमंदों को करवा रहे प्रतिदिन भोजन

# रिमझिम बारिश के बीच निकली प्रभात फेरी

**रायपुर ( ए. )।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के चौथे दिन, मंगलवार को प्रभात फेरी समता भवन टाटीबंध मेन रोड होते हुए टाटीबंदा गुरुद्वारा के पास से टाटीबंध स्थित किड्जी स्कूल टाटीबंध तक निकाली गई। प्रभात फेरी में बच्चे विभिन्न वेशभूषा धारण कर प्रभात फेरी के आगे जियो और जीने दो का जयघोष करते चल रहे थे। रिमझिम बारिश के बाद भी प्रभात फेरी में उपस्थित सकल जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ का उत्साह कम नहीं हुआ। बारिश की परवाह न करते हुए आसपास में निवासरत जैन समाज के संघ सदस्यों ने अपना उत्साह व कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य समय व योगदान दिया। प्रभात फेरी का आयोजन साधुमार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। प्रभात फेरी पश्चात ब्लड डोनेशन कैंप भी प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है जिसमें 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक कुल 50 लोगों ने रक्त का दान कर अपना पुण्य प्रबल किया है।

9 अप्रैल को दोपहर 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में दिगंबर जैन महिला



मंडल मालवीय रोड द्वारा लगभग 300 लोगों को भोजन वितरण मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर के बाहर किया गया। एसओएस संस्था में जरूरतमंदों को स्टेशनरी कॉपी जैसी आवश्यक वस्तु का भी वितरण किया जिसमे 500 नोट बुक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जया जैन, संध्या जैन दीप्ति जैन मेघना जैन मधु मोदी रोहित जैन कविता जैन अलका जैन रश्मि जैन रेखा जैन ममता जैन शालू जैन सौम्य जैन विशेष रूप से उपस्थित थी। दोपहर 2.50 बजे प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल में ब्लाइंड बच्चो को शुद्ध भोजन करवाया जिसमे संध्या जैन, रेखा जैन, वर्षा जैन, प्रीति जैन, सुगंधी जैन, संगीता जैन, ममता जैन, संध्या ब्रह्मपुरी, आभा जैन, सुनीता जैन, रजनी जैन, मंदा जैन, सोनम जैन, अंजू जैन, ममता जैन, ज्योति जैन, बेबी जैन, लता जैन, अलका जैने उपस्थित थीं।

दोपहर 2.30 बजे लोढ़ा विंग्स ज्ञानवल्लभ उपाश्रय विवाकानंद नगर में करे तीर्थंकर की सैर धार्मिक गेम का आयोजन किया गया जिसमे 3 राउंड खेले गए। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में श्वेता लोढ़ा, विजय लोढ़ा, ममता लोढ़ा, निष्ठा, योगिता, ज्योति आदि उपस्थित थी। दोपहर 2.30 बजे कुशल सज्जन महिला मंडल गुड़ियारी द्वारा धार्मिक थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एम.जी रोड स्थित जैन दादा बड़ी में रखा गया था। इसमें 20 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विमला दुग्गड, कंचन चोपड़ा, ममता पारख आदि उपस्थित थी।

दोपहर 3 बजे सज्जन महिला मंडल गुड़ियारी द्वारा आओ खेले अंको का खेल गेम का आयोजन जैन दादा बाड़ी में आयोजित किया गया जिसमे धार्मिक थीम पर हाऊजी का आयोजन किया गया एवं धार्मिक सवाल जवाब के द्वारा गेम खिलाया गया। इसमें रश्मि खाटेड,नंदा बोथरा, निर्माण दुग्गड,सपना झामर, शोभना बोथरा उपस्थित थी। शाम 4 बजे दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल डीडी नगर द्वारा ड्राइंग एवं आरती सजाओ का कार्यक्रम डीडी नगर स्थित वासुपुजय दिगंबर जैन मंदिर हाल में रखा गया था जिसमें 4 वर्ष से लेकर 14 साल के बच्चों ने भाग लिया। महिलाओं द्वारा आरती की थाली सजाओ में भाग लिया। साथ ही प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कंगना रनौत को लेकर शेखर सुमन के बदले सुर!

शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन और कंगना रनौत की मुलाकात मोहित सूरी की फिल्म 'राज' के दौरान हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। सालभर ही बीते थे कि इनके रिश्ते में खटास आ गई। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे पर ऐसे-ऐसे गंभीर आरोप लगाए कि कान गरम हो गए।

कभी बाप-बेटों ने जहां बिना नाम लिए कंगना रनौत को 'कोकेन' लेने वाली और 'काला जादू' करने वाली एक्ट्रेस तक कहा था, वहीं अब एक नए इंटरव्यू में शेखर सुमन ने कहा है कि उनका बेटा अध्ययन तब बहुत खुश था, जब वो कंगना के साथ रिलेशनशिप में था। बाप-बेटे की यह जोड़ी जल्द ही संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आने वाली है।

## 'अब कोई मनमुटाव नहीं है'

शेखर सुमन ने कंगना रनौत और अपने बेटे अध्ययन सुमन के रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा कि अब कोई मनमुटाव या गलत भावना नहीं है। 'जूम' को दिए इंटरव्यू में 'उत्सव' एक्टर ने कहा, 'हम सभी लाइफ में अलग-अलग फेज से गुजरते हैं। जो आज सही लगता है, हो सकता है कल वो सही ना लगे और इससे विपरीत भी। कोई भी रिश्ता बनाकर ब्रेकअप करना और आगे बढ़ जाना नहीं चाहता। हर कपल अपने रिश्ते में ठहराव चाहता है, क्योंकि ये गहरा और पवित्र है।'





## ब्रेकअप के लिए नियति को ठहराया दोषी

61 साल के एक्टर ने बेटे अध्ययन और कंगना के फेल रिलेशनशिप के लिए नियति को दोषी ठहराया और इस बात पर जोर दिया कि हर किसी को अपने पिछले रिश्तों को प्यार से देखना चाहिए। वो कहते हैं, 'किस्मत की कई भूमिकाएं होती हैं और आपको भाग्य का अनुसरण करना पड़ता है। कंगना और अध्ययन जब साथ थे तो खुश थे और अपने-अपने रास्ते चले गए। ऐसा होना तय था। इसलिए एक-दूसरे के प्रति कोई बुरी भावना और दुश्मनी की भावना नहीं है। कभी-कभी चीजें आवेश (गुस्से) में आ जाती हैं, लेकिन इंसान को पीछे मुड़कर प्यार से देखना चाहिए

## राजनीति में शामिल होने पर कही ये बात

जब शेखर से कंगना के राजनीति में शामिल होने पर उनकी राय पूछी गई तो वो बोले, 'हम इसके बारे में ज्यादा सोचते नहीं है। ना ही फैमिली और ना ही अध्ययन। उनकी लाइफ का एक फेज था। हम कौन होते हैं टिप्पणी करने वाले और जज करने वाले? हम अपने रास्ते पर हैं। हर कोई अपनी खुशी और संतुष्टि के लिए काम कर रहा है। ये सही है या ये गलत है... घूम-घूमकर उंगली उठाने का कोई मतलब नहीं है।'

## बिना नाम लिए साधा था निशाना

कंगना और अध्ययन का ब्रेकअप खूब चर्चा में रहा था। शेखर तब सोशल मीडिया पर कई पोस्ट करते थे और बिना नाम लिए कंगना को खूब खरी-खोटी सुनाते थे। उन्होंने एक ट्वीट में उन्हें 'कोकेन लेने वाली एक्ट्रेस' तक कह दिया था। 'सिमरन' (कंगना की फिल्म) के बॉक्स ऑफिस पर फेल होने पर भी उन्होंने निशाना साधा था और कहा था, 'इतना हंगामा... इतना शोर शराबा... नतीजा? खोदा पहाड़... निकली चुहिया?' इसके अलावा जब कंगना ने करण जौहर के शो में नेपोटिज्म को लेकर उनपर ही निशाना साध दिया था, तब भी शेखर सुमन ने ट्वीट किया था, 'खराब मुंह... खराब इंग्लिश... खराब एक्टिंग... खराब बिहेवियर।'

## अध्ययन ने भी लगाए थे कई आरोप

शेखर सुमन ही नहीं, उनके बेटे अध्ययन ने भी कंगना पर कई आरोप लगाए थे। ये तक कहा था कि वो रिश्ते में अब्यूजिव (गाली-गलौज) थीं और 'काला जादू' करती थीं। बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में शेखर ने कहा था, 'मैं हर एक पल से वाकिफ था, लेकिन मैंने कभी कंगना से बात नहीं की। ये उसकी लड़ाई है और उसे लड़ना होगा। मैं सिर्फ ताकत दे सकता था।'

## कभी अध्ययन और कंगना के रिश्ते के खिलाफ नहीं थे शेखर

शेखर ने आगे बोला कि वो कंगना के साथ अध्ययन के रिश्ते के खिलाफ कभी नहीं थे और दोनों एक्टर्स में किसी को भी इस विवाद के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। वो बोले, 'मुझे लगता है कि ये लाइफ का एक फेज है। कभी-कभी आप अपने पहले रिश्ते में सफल होते हैं और कभी नहीं।' बता दें कि 'हीरामंडी' में शेखर और उनके बेटे अध्ययन दोनों स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे।

# सालों तक शादी को रखा सीक्रेट, वेडिंग फोटो वायरल होने पर किया इंकार

## खूब खबरों में रही इस पॉपुलर एक्टर की लव लाइफ

'गदर' फेम सनी देओल अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। बीते समय वो गदर 2 के ब्लॉकबस्टर होने की वजह से खबरों में थे। इसके अलावा जून 2023 में वो बेटे करण की शादी की वजह से भी चर्चा में थे। इस दौरान उनकी पत्नी पूजा देओल की फोटोज खूब वायरल हुई थीं।

रिपोर्ट्स मुताबिक, सनी देओल और पूजा की शादी उस दौरान हुई थी जब सनी बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे थे. उन्होंने 1983 में फिल्म बेताब से बॉलीवुड में एंट्री ली थी। हालांकि, सनी ने अपनी शादी को कई सालों तक बिल्कुल सीक्रेट रखा था। इसी दौरान सनी का नाम को-एक्ट्रेस अमृता सिंह के साथ भी जोड़ा गया था। सनी की शादी के कुछ समय बाद एक मैग्जीन ने उनकी वेडिंग पिक्चर लीक कर दी थी। हालांकि, एक्टर ने किसी के साथ भी शादी को लेकर इंकार कर दिया था।



## इन फिल्मों में नजर आए सनी

सनी देओल के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो उन्हें बेताब, सनी, मंजिल मंजिल, जबरदस्त,डकैत, इंतकाम, पापा की दुनिया, वर्दी, चालबाज, मैं तेरा दुश्मन, मजबूर, क्रोध, घायल, बदनाम, दामिनी, गदर, इंसानियत,घातक, जोर, जिद्दी, अर्जुन पंडित जैसी फिल्मों में देखा गया। सनी का करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है।

## गदर 2 से मचाया धमाल

पिछली बार उन्हें फिल्म गदर 2 में देखा गया था. गदर 2 ब्लॉकबस्टर हिट रही। अब उनके हाथ में तीन फिल्में हैं। वो बाप, लाहौर 1947 और सूर्या में नजर आएंगे।

### क्यों छुपाकर रखी शादी?

खबरें थी कि धर्मेंद्र नहीं चाहते थे कि सनी की शादी की बात अभी सामने आए और उनकी रोमांटिक इमेज पर असर पड़े. पूजा सनी से शादी के बाद भी लंबे समय तक लंदन में रहीं। सनी गुपचुप तरीके से उनसे मिलने के लिए लंदन जाते थे।

### डिंपल कपाड़िया संग आई अफेयर की खबरें

बता दें कि सनी देओल का नाम एक्ट्रेस डिंपल कपाड़िया के साथ भी जुड़ा था। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में काम किया है। उनके वेकेशन की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर पब्लिकली रिएक्ट नहीं किया।

### कौन हैं पूजा देओल?

डीएनए इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, सनी ने पत्नी पूजा रॉयल ब्रिटिश फैमिली से बिलॉन्ग करती हैं। पूजा का असली नाम लिंडा है। शादी के बाद उन्होंने अपना नाम पूजा रखा था। उनके पापा इंडिया से थे और मां यूके से हैं। पूजा की मां जून ब्रिटिश फैमिली से बिलॉन्ग करती हैं। पूजा अभी भी ग्लैमर वर्ल्ड से दूरी बनाए हुए है।

# बिग बॉस ओटीटी-3' डेटः तारीख पर लग गई मुहर!

रिएलिटी शो 'बिग बॉस' की इंडिया में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। हिंदी में इसके दो वर्जन आते हैं। एक टीवी और दूसरा ओटीटी पर। ओटीटी के दूसरे सीजन को जबरदस्त पॉप्युलैरिटी मिली थी, जिसके बाद अब इसके तीसरे सीजन का भी फैंस इंतजार कर रहे हैं। जानते हैं ये कब शुरू होगा? रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' की जबरदस्त सफलता के बाद अब फैंस इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी को लेकर एक गुड न्यूज आ रही है कि ये इंतजार अब खत्म होने वाला है। बस एक महीना और। फिर से होस्ट सलमान खान नए जाने-माने चेहरों के साथ आपके सामने हाजिर होंगे। अब रिपोर्ट्स बता रही हैं कि ये शो 15 मई 2024 से शुरू होने वाला है।

बिग बॉस ओटीटी-3 के बारे में और ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई, लेकिन मेकर्स और जानी-मानी पर्सनालिटीज के बीच नेगोशिएशन चल रहा है। किसे कितनी रकम मिलेगी, इस पर चर्चा हो रही है। साथ ही कौन-कौन इस बार नजर आएगा, इसका भी दौर जारी है। फिलहाल, रिपोर्ट्स ये बता रही हैं कि मेकर्स अगले महीने से इसे प्रीमियर करने की प्लानिंग कर रहे हैं।



## अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन करेंगे पार्टिसिपेट?

टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन 'बिग बॉस 17' में आए थे। विक्की को लेकर अफवाह उड़ रही थी कि वो 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है और बताया कि उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है।

## सितारों के पार्टिसिपेट करने के कयास

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सीजन के लिए दलजीत कौर का नाम सामने आ रहा है, जो इन दिनों अपनी दूसरी शादी के टूटने की खबरों से चर्चा में हैं। इनके अलावा शहजादा धामी और प्रतीक्षा होनमुखे का नाम भी लिया जा रहा है, जिन्हें हाल ही में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल से निकाल दिया गया है। इसके पीछे की वजह उनका सेट पर उनका बुरा बर्ताव बताया जा रहा है।

## इस एक्टर को भी किया अप्रोच

ये भी रिपोर्ट आ रही है कि टीवी एक्टर अरहान बहल को भी मेकर्स ने अप्रोच किया है, जिन्होंने 'मन की आवाजः प्रतिज्ञा' सीरियल में कृष्णा सिंह बनकर घर-घर में पहचान बनाई थी।

## इन्होंने जीता था पहला और दूसरा सीजन

इस शो का पहला सीजन कोरोना काल के दौरान स्ट्रीम हुआ था, जिसकी विनर दिव्या अग्रवाल थीं। फिर दूसरा सीजन आया, जो हिट रहा। इसमें फेमस यूट्यूबर अभिषेक मल्हन और एल्विश यादव जैसे जाने-माने चेहरे नजर आए। शो को एल्विश ने जीता था। पहले सीजन को करण जौहर तो दूसरे को सलमान खान ने होस्ट किया था।

# तारा सुतारिया ने ब्लू साडी में शेयर की खूबसूरत तस्वीर



बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार तारा सुतारिया आज अपनी अदाकारी के बल पर लाखों दीवानों का दिल चुरा चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं। तस्वीर में तारा सुतारिया नीली साड़ी और डीप नेक ब्लाउज में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने लुक को लाइट मेकअप और ओपन हेयर से पूरा किया है।

तारा सुतारिया इस तस्वीर में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं और उनकी खूबसूरती देखने लायक है। केवल अपनी अदाकारी के दम पर ही नहीं तारा सुतारिया तो अपने हुस्न का परचम लहराते हुए सबकी निगाहें अपनी ओर खींच लेती हैं। चाहने वाले लगातार तारा सुतारिया की तस्वीर पर लाइक और कमेंट की बरसात करते हुए उन्हें फैशनोवा क्वीन का टैग दे रहे हैं। तारा सुतारिया की इस तस्वीर पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कुछ ही देर में इस तस्वीर पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ गए हैं।

# भुनते हुए अक्सर जल जाते हैं प्याज,

प्याज एक ऐसी चीज है जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से खाना पकाने में करते हैं। किसी डिश के बेस को तैयार करने के लिए इसका विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है, जिससे स्वाद कई गुना बढ़ जाता है।

प्याज भुनना हर डिश को कुक करने का सबसे पहला स्टेप है और इसी में कई लोग गलती कर जाते हैं। अगर आपके प्याज भी भुनते हुए या तो जल जाते हैं या फिर कच्चे रह जाते हैं, तो यहां कुछ ट्रिक्स बताए गए हैं, उन्हें फॉलो करें।



प्याज को समान रूप से काटें। क्योंकि जिस तरह से आप अपने प्याज को काटते हैं, उससे उन्हें जलने से रोका जा सकता है। सबसे बेहतरीन परिणामों के लिए, आपको उन्हें एक बराबर काटना चाहिए। अगर आप उन्हें असमान रूप से काटते हैं, तो इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि प्याज ठीक से नहीं पकेंगे।

धीमी-मध्यम आंच पर पकाएं। प्याज भूनते समय इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि आपने फ्लेम को कितना रखा है। अधिकांश लोग यह सोचकर फ्लेम हाई कर देते हैं कि इससे प्याज जल्दी भुन जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि इससे स्थिति और खराब हो जाती है। आंच को हमेशा धीमी से मध्यम रखें, इससे प्याज अच्छे से पक जाएंगे।

पर्याप्त तेल का इस्तेमाल करें। प्याज भूनते समय आपको तेल की मात्रा का भी ध्यान रखना चाहिए। अगर पर्याप्त मात्रा में तेल नहीं होगा, तो वे ठीक से नहीं पकेंगे। हालांकि, बहुत कम या बहुत अधिक तेल मिलाना भी सही नहीं है।

लगातार प्याज को हिलाते रहें। एक बार जब आपके पास पैन में कटा हुआ प्याज और तेल हो, तो आपको उन्हें हिलाते रहना होगा। इससे हमारा मतलब यह नहीं है कि आपको लगातार ऐसा करने की जरूरत है, लेकिन कुछ मिनटों के अंतराल पर ऐसा करते रहें। यह प्याज को तवे पर चिपकने से रोकता है और यह भी सुनिश्चित करता है कि वे जलें नहीं।

कुछ भी पकाते समय धैर्य रखना सबसे जरूरी है। प्याज भूनते वक्त भी। यह एक धीमी प्रक्रिया लग सकती है, लेकिन थोड़ा धैर्य रखने से आपके प्याज को खराब होने से बचाया जा सकता है।

# केजीएफ को जाएंगे भूल, सालार भी लगेगी छोटी

## 'थंगालान' के मेकर्स ने पार्वती थिरुवोथु का फिल्म से जारी किया नया पोस्टर

### जब अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी ये फिल्म




पूरे देश में सुर्खियां बटोरने वाली चियान विक्रम स्टारर मच अवेटेड पैन इंडिया फिल्म 'थंगालान', ने अपनी पहली झलक के साथ ही लोगों को अपना दीवाना बना दिया है। बता दें कि फिल्म को 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की घोषणा की गई है। इसकी झलक ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है, लेकिन एक चीज सभी के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है वह है कोलार गोल्ड फील्ड (च्वत्स्न) की कहानी जो इसमें दिखाई गई है। बात करें तो, 'थंगालान' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से जुड़ा एक नया पोस्टर जारी किया है। साथ ही बेहद टेलेंड्टेड एक्ट्रेस पार्वती थिरुवोथु को उनके बर्थडे के मौके पर शुभकामनाएं भी दी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, ताकत, दया और लचीलेपन का अवतार।

'थंगालान' के रूप में साउथ सिनेमा से एक और ओरिजनल कंटेंट आ रहा है, जिसमें जाने माने नाम जैसे एक्लेम्ड फिल्ममेकर पा रंजीत, वर्सेटाइल एक्टर चियान विक्रम और दूसरे कलाकारों और क्रू ने असल घटना पर आधारित इस कमाल की कहानी को पेश करते नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी 1880 के दशक पर सेट है। यह समय था जब कोलार गोल्ड फील्ड्स और सोने का खनन अपने शीर्ष पर था। केजीएफमें सोने का उत्पादन बहुत बड़ा था। इस कहानी को जेन जेड पीढ़ी को बताने की जरूरत है, क्योंकि उन्हें कोलार गोल्ड फील्ड्स का इतिहास जानना चाहिए। बता दें कि केजीएफऔर उसकी वृद्धि ने भारत में ही नहीं, बल्कि अंग्रेजों की बुरी नजरों को भी आकर्षित किया था। दुनिया भर में सर्वाधिक प्रशंसित निर्देशकों में से एक, पा रंजीत द्वारा डायरेक्ट की गई 'थंगालान' केजीएफ के लोगों द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी गई बहादुरी और युद्ध को दर्शाती है। साथ ही यह फिल्म यह भी दिखाती है कि किस तरह लोगों ने भारत के गौरव यानी कोलार गोल्ड फील्ड्स की रक्षा करते थे। फिल्म मेकर ने फिल्म को मार्केट में लाने से पहले दो साल से ज्यादा समय तक उस पर रिसर्च किया था।

हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है जब पा रंजीत अलग-अलग समय के किसी विषय का निर्देशन कर रहे हो। इससे पहले 2021 में उन्होंने 'सरपट्टा परंबराई' से अपनी काबिलियत साबित की थी। आर्य स्टारर ये स्पोर्ट्स ड्रामा भी 1970 के दशक के भारत की कहानी को दर्शाती है, और पा रंजीत को उसके एग्जीक्यूशन और स्टोरीटेलिंग के लिए सराहना मिल चुकी हैं। 19वीं सदी की शुरुआत की पृष्ठभूमि पर आधारित ये पीरियड ड्रामा फिल्म उन सच्ची घटनाओं की कहानी बयां करेगी जो कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड में माइन वर्कर्स के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर पोन्नियिन सेलवन 1 और 2 के बाद चियान विक्रम की पैन इंडिया शैली में वापसी का प्रतीक है, और किरदार में उनका समर्पण, प्रतिबद्धता और बदलाव निश्चित रूप से दिखाई देता है। टीजर में कुछ खून सूखा देने वाले लम्हें और कलाकारों का देसी अवतार है, जो दर्शकों को उनके कला को लेकर बेहद प्रभावित करेगा। इस फिल्म में मालविका मोहनन, हॉलीवुड अभिनीत डेनियल कैल्टागिरोन और तमिल उद्योग से कुछ प्रमुख नाम भी हैं।

थंगालान के अलावा कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके स्टूडियो ग्रीन के पास सूर्या स्टारर कांगुवा भी इस साल रिलीज होने वाली एक और सबसे बड़ी फिल्म है। थंगालान 26 अप्रैल 2024 में दुनिया भर में हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ होने वाली है, और फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार द्वारा तैयार किया गया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






## खास खबर

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 8 अप्रैल को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम ठेमाबुजुर्ग एवं ठेमाखुर्द में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम ठेमाबुजुर्ग में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान दुल्हन को लाने के लिए प्रस्थान कर रहे बरातियों ने सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लेकर दुल्हन के मायके डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सिहरो के लिए प्रस्थान किया। जो कि आज के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र रहा जिसकी सभी ने भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान सभी बारातियों एवं ग्रामीणों ने अपने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी डी मण्डले ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए मतदान की शपथ दिलाई।

### विभिन्न रोगों से संबंधित 82 लाभार्थियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** जेलों में परिरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार व जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रति माह दूसरे व चौथे मंगलवार को जिला जेल महासमुंद में आयुष स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर लगाकर किया जा रहा है। बंदियों के स्वास्थ्य में सुधार, आयुर्वेद व योग के माध्यम से चिकित्सा किया जाएगा। इस उपक्रम में प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को योग शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिला जेल महासमुंद में आयुष चिकित्सा व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. सर्वेश दुबे अपने सहयोगी खोमन लाल साहू के साथ बंदियों को स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी दिए और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। जेल अधीक्षक उत्तम कुमार पटेल के सहयोग से आज के इस चिकित्सा व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जेल में पदस्थ ममता पटेल का सहयोग इस शिविर के संचालन में प्राप्त हुआ।

### मतदान को लेकर भावी युवा मतदाताओं में उत्साह

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान के प्रति भावी और युवा मतदाताओं में खासा उत्साह और रुझान देखने को मिल रहा है। युवा मतदाता स्वस्फुरत होकर मतदान करने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। युवाओं का कहना है कि युवा देश का भविष्य हैं और देश के विकास में युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं से बात करने पर कुमारी सीमा पोंगाटी ने कहा कि वह पहली बार लोकसभा में अपना मतदान करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर वह अपना पहला वोट डालेगी। उन्होंने अन्य लोगों को अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसी प्रकार कुमारी रोशनी नेताम ने कहा कि मेरा वोट, मेरी ड्यूटी है। उन्होंने मतदान के प्रति अपनी संकल्पना को बताते हुए कहा कि वह पहली बार वोट करने जा रही है और काफी उत्साहित है। युवा मतदाता राजा साहू ने कहा कि वह अवश्य मतदान करेगा और लोकतंत्र की मजबूती व देश के विकास में अपना योगदान देगा।

# रेलवे ने रद्द की दर्जनों ट्रेनें, लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनें होंगे प्रभावित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चलने वाली कुछ ट्रेनों को रेलवे द्वारा रद्द किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के तहत रायपुर रेल मण्डल के सिलयारी-मांढर रेलवे स्टेशनो के बीच लेवल क्रॉसिंग पर गर्डर डी लॉन्चिंग एवं तीसरी लाइन पर विद्युतीकरण का कार्य सहित अनेक कार्य जा रहे हैं। दिनांक 12 अप्रैल, ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा। लेवल क्रोसिंग पर गर्डर डी लॉचिंग से आने वाले दिनों मे सड़क मार्ग उपयोगकर्ता को ट्रेन परिचालन के दौरान लेवल क्रॉसिंग गेट पर रुकने की अवश्यकता नहीं होगी। इसके फ्लस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।




### रद्द होने वाली गाडियां

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को रायपुर से चलने वाली 08728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को गेवरा रोड से चलने वाली 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर- मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 08719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 11 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 11 अप्रैल, 2024 को इतवारी से चलने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाड़ियां

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को झारसुगुड़ा एवं गोंदिया से चलने वाली 08862 /08861 झारसुगुड़ा-गोंदिया- झारसुगुड़ा मेमू पैसेजर स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी ।

रायगढ़-किरोड़ीमल स्टेशनों के बीच चौथी कनेक्टीविटी

इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रायगढ़-किरोड़ीमल स्टेशनों के मध्य स्थित छुस्क्रू केबिन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके फ्लस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस वजह से 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08738/08737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08736/08735 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसीप्रकार 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

# सारंगढ़ में तीन हजार दीपों से जगमगाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत संध्या में स्वीप दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, स्वीप नोडल अधिकारी चौहान सीईओ जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल, पत्रकारगण, नगरवासी और बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित थीं। इस आयोजन में बिहान समूह की महिलाओं ने हजारों दीये जलाए।

इस स्वीप दीप महोत्सव में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एसपी पुष्कर शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मतदाताओं को निर्भीक होकर स्व स्फूर्त मतदान करने का संदेश दिया। नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने मतदाता जागरूकता संदेश को जिले भर में वृहद स्वरूप में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया। संदीप तंबोली बीपीएम, बिहान और बिहान समूह की सैकड़ो महिलाओं ने खेलभाठा मैदान में ''चुनाव का पर्व देश का गर्व'' थीम पर तीन हजार दीपक जलाकर मतदाता जन जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर साहू एवं एसपी शर्मा ने मतदाता जागरूकता को लेकर सभी को शपथ दिलाया। कलेक्टर ने नए युवा मतदाताओं को मतदान करने और अपने से जुड़े अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने की बात कहा। इस कार्यक्रम में शांतिलाल देवांगन, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिशंकर डनसेना, जनपद पंचायत सारंगढ़ के कर्मचारी युवराज पटेल, कमलेश खूंटे, महेश्वर मनहर, जवाहर पुरान, राज यादव, निशा केशरवानी, उमा देवांगन, एकता गर्ग, जीतेश जायसवाल सहित महावीर चौहान, दिलीप साहू, बलभद्र पटेल, ब्रजभूषण पटेल, गोविंद बरेठा, प्रशांत प्रधान, धीरज बरेठ, अरुण निषाद, मनरेगा बिहान समूह सचिवगण के साथ आम जनता और मीडिया की बड़ी भागीदारी थी।



# निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना जिम्मेदारी वाला कार्य - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि 25 अप्रैल को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा।

# डॉ. अरूणा पल्टा ने किया बेमेतरा में वार्षिक परीक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

बेमेतरा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल के साथ शासकीय जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा में चल रही विष्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा की द्वितीय पाली में परीक्षा कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण किया।



यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय की लगभग आधी परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है तथा परीक्षाओं के आरंभ से लेकर विष्वविद्यालय के सभी अधिकारी लगातार विभिन्न पालियों में महाविद्यालयों का निरीक्षण कर रहे है तथा अनेक परीक्षा केन्द्रों पर नकल प्रकरण दर्ज किये गये है।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार शासकीय महाविद्यालय, बेमेतरा में कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने समस्त परीक्षा कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. पी. पी. चन्द्रवंषी की उपस्थिति में डॉ. पल्टा ने परीक्षा कक्ष में वीक्षकों द्वारा भरे जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों का भी अवलोकन किया। परीक्षा के दौरान अचानक विष्वविद्यालय की कुलपति की उपस्थिति से वीक्षक एवं छात्र-छात्राएं आष्चर्यचकित दिखाई दिये।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति, डॉ. पल्टा ने इसके पश्चात् समाधान कॉलेज, बेमेतरा में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। डॉ. पल्टा ने कहा कि वें समय-समय पर विष्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण करती रहेंगी।

डॉ. पल्टा ने कहा कि विष्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं को मई के द्वितीय सप्ताह से आरंभ करने का प्रयास विष्वविद्यालय प्रषासन कर रहा है। सेमेस्टर परीक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाएं 01 से 10 मई के मध्य आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैं।

# आपका मतदान लोकतंत्र की जान, संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** आपका मतदान लोकतंत्र की जान.... इस संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए भारत माता की जय उद्घोष के साथ उमंग एवं उल्लास के साथ चौक चौराहों, गली-मोहल्लों से होते हुए युवाओं, खिलाडियों, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकों का काफिला निकला।

वॉक द सिटी रैली सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव से गांधी सभा गृह, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जुनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक से होते हुए पुन: सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव में समाप्त हुई। मतदाता जागरूकता के लिए कदम दर कदम कारवां बढ़ता चला गया और राहों में सभी के दिलों में मतदान करने का एक जज्बा जगाते चला गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया गया है और जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, घर-घर अलख जगाएंगे के जज्बे के साथ हर घर तक मतदाताओं में जागरूकता लाने की दिशा में शिद्दत से कोशिश की जा रही है।

चुनाव का पर्व देश का गर्व, बढ़ाएं कदम दिखाएं वोट का दम, युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करो मतदान, लोकतंत्र का यह आधार वोट न हो कोई बेकार, 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट का अब अधिकार, मतदान हमारा अधिकार है इससे बनती सरकार है, वोट है ताकत, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करे मतदान जैसे नारों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक स्वीप नोडल श्रीमती रश्मि सिंह, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर, सहायक खेल अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, रणविजय सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



### डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने सुविधा केन्द्र स्थापित

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किए हैं। इसके लिए स्थान, तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# जेल में रहकर दोस्ती फिर बनाया गिरोह, कार से रेकी और आधा दर्जन चोरियां

## दुर्ग पुलिस ने भिलाई क्षेत्र में हो रही चोरियों का किया खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पिछले कुछ दिनों से पुलिस के लिए सिरदर्द बनी चोरियों का मामला सुलझ गया है। दो दिन के भीतर प्रियदर्शिनी परिसर व नेहरू नगर में चार चोरियों को अंजाम देने के बाद आखिरकार बदमाश दुर्ग पुलिस की चाक चौबंध नाकेबंदी में फंस ही गए। खासबात यह है कि बदमाशों ने भागने के दौरान पुलिस की गाड़ी को भी टक्कर मार क्राइम ब्रांच के आरक्षक कुचलने का भी प्रयास किया, लेकिन ऐसा नहीं कर सके। पुलगांव क्षेत्र में पुलिस ने गिरोह के तीन बदमाशों अनूप सिंह,अमित सिंह और राकेश कुशवाहा को गिरफ्तार किया है।

बता दें बीते कुछ दिनों में प्रियदर्शिनी परिसर व नेहरू नगर सहित अन्य पॉश इलाकों में चोरी की शिकायतें पुलिस को मिल रही थी। अकेले सुपेला थाना क्षेत्र में चार चोरियां दर्ज की गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सुपेला पुलिस व एंटी क्राइम व साइबर यूनिट की संयुक्त टीमों ने आरोपियों की पता तलाश शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसी टीवी फुटेज बरामद किए जिसमें एक सिल्वर रंग कार व तीन संदिग्धों की पहचान की गई।



पुलिस ने अब सिल्वर रंग की कार की तलाश के लिए शहर में नाकेंदी की। नाकाबंदी के दौरान 7 अप्रैल को पुलगांव नाला के पास एक सिल्वर रंग की कार को देखा गया। पॉइंट पर रोका गया जिसमें से एक संदिग्ध व्यक्ति गाड़ी से बाहर निकलकर डियूटी पर लगे आरक्षक पर लोहे की राड से जानलेवा हमला किया। यह देखकर डियूटी स्थल पर लगे अन्य कर्मचारी कार की ओर दौड़े। तब तक वह व्यक्ति कार में बैठकर अपने अन्य साथियों के साथ जाने लगा जिसे देखकर आरक्षक के द्वारा अपने मोटर सायकल से पीछा करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने कार बाइक पर चढ़ा दी और फरार हो गए।

### जेल में हुई थी दोस्ती

पकड़े गए आरोपियों में कोलार रोड भोपाल निवासी अमित सिंह (35), राकेश कुशवाहा (34) और शहपुरा थाना शहपुरा भोपाल निवासी अनुप सिंह शामिल हैं। इनमें से दो एक ही जगह के हैं और तीसरे से इनकी दोस्ती जेल में हुई। जेल से ही तीनों ने गिरोह बनाया। 22 साल की उम्र से यह चोरी कर रहे हैं। भोपाल व आसपास के क्षेत्र में यह मोस्ट वांटेट बन गए थे इसलिए चोरी के लिए छत्तीसगढ़ राजधानी रायपुर व दुर्ग भिलाई को चुना। रायपुर में वारदात के दुर्ग पुलिस की पकड़ में आ गए।

### सिल्वर रंग की कार की तलाश में नाकेबंदी

इसके बाद पुलिस सिल्वर रंग की कार की तलाश में अलग अलग प्वाइंट पर नाकेबंदी की। इस दौरान सोमवार 8 अप्रैल को सिल्वर रंग की कार को पुलगांव चौक में एमसीपी के दौरान एसीसीयू के कर्मचारियों के साथ घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने कार में सवार तीन बदमाशों को हिरासत में लिया और पूछताछ में तीनों ने आरक्षक पर कार चढ़ाने से लेकर हाल ही में हुई चोरियां करने की बात स्वीकार की।

### भोपाल से निकले चोरी करने

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे 4 अप्रैल को भोपाल से सिल्वर रंग की मारूति कार से रायपुर एवं दुर्ग में चोरी करने निकले थे। 5.04.2024 को शाम करीबन 6 बजे रायपुर पहुंच कर रायपुर क्षेत्र का भ्रमण किया। इसके बाद यहां सूने मकान में ताला तोड़कर चोरी कर नगद रकम एवं सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गये। इसके बाद दूसरे दिन भिलाई पहुंचे और सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 सूने मकान एवं भिलाई नगर थाना अंतर्गत 2 सूने मकान में 12 बजे से लेकर शाम 07 बजे तक 6 चोरियां की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रुपए का मशरुका बरामद किया है।

### आईजी ने की नगद इनाम की घोषणा

आरोपियों की गिरफ्तारी में एण्टी क्राईम सायबर यूनिट से प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह, चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक जी रवि, चित्रसेन साहू, धीरेन्द्र यादव, राजकुमार चंद्रा, सनत भारती, शौकत हयात खान, फारूख खान, कोमल राजपुत, तिलेश्वर राठौर, विक्रांत कुमार, नरेन्द्र सहारे की उल्लेखनीय भूमिका रही। दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा टीम को नगद इनाम देने की घोषणा की गई है। वहीं दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने केस सुलझाने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ती पत्र देने की घोषणा की।

## खास खबर



### चालान से बचने लगाई दूसरे की नंबर प्लेट, पुलिस ने धर दबोचा

**रायपुर (ए.)।** यातायात पुलिस की ई-चालान कार्यवाही का खौफवाहन चालकों में देखने को मिल रहा है। लेकिन वाहन चालक ई-चालान के डर से फर्जी तरीके से दूसरे वाहन का नंबर प्लेट लगा रहे है। ऐसे ही एक मामले में यातायात पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गीतांजली नगर ईशान पाठक ने यातायात मुख्यालय के ई-चालान शाखा में शिकायत दर्ज कराई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी गाड़ी का नंबर अपनी गाड़ी में लगा कर घूम रहा है और उन्हें ई-चालान प्राप्त हुआ है। प्रकरण संज्ञान में आने पर ई-चालान शाखा में तैनात प्रआर. प्रवीण कुमार देवांगन एवं आर. तरूण कुमार ठाकुर द्वारा ई-चालान नोटिस को सर्च करने पर वाहन एक्टीवा क्रमांक सीजी 04-पीएच-4514 के चालक द्वारा फर्जी तरीके से नम्बर टेम्पिरिंग कर आवेदक के वाहन का नम्बर उपयोग कर फर्जी तरीके से संचालित करते पाए जाने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह के संज्ञान में लाया, जिनके आदेश पर एक्टीवा क्रमांक 04-पीएच-4514 के मालिक की पतासाजी कर कार्यालय बुलाया गया एवं आवेदक के शिकायत के आधार पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवाही का निर्देश दिया गया।

### देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार


**रायपुर (ए.)।** लगातार नशे के खिलाफ रायपुर पुलिस ने निजात अभियान के तहत 35 पौवा देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला आमानाका थाना का है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल को थाना आमानाका थाना को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत साकरे मुर्गी फार्म के पास रहने वाला मनप्रीत सिंह उर्फमन्नु अपने पास अवैध रूप से शराब रखे हुए है। सुचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आमानाका थाना प्रभारी को सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने निर्देशन पर मुखबीर की सूचना में बताए स्थान पर जाकर छापामार कार्यवाही किया गया। आरोपी मनप्रति सिह उर्फमन्नु पिता स्व सुरेन्द्र सिंह 29 साल निवासी साकरे मुर्गी फार्म के पास थाना आमानाका रायपुर के पास रखे थैला की तलाशी लेने पर थैला में 35 पौवा देशी मसाला शराब बरामद हुई। आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फमन्नु को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी मदिरा शराब 6 लीटर 300 मिली लीटर किमती 5250/- रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 178/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।



# कलेक्टर ने किया दो को जिला बदर

**रायपुर (ए.)।** रायपुर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गौरव सिंह ने एसएसपी संतोष सिंह की अनुशंसा पर जिले के दो आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है।





लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने बदमाशों पर हो रही लगातार कार्यवाही हो रही हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर गौरव सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी मोहम्मद हुसैन पिता मोहम्मद अब्दुल 24 वर्ष चुनाभट्टी थाना गंज और शेख शाहरुख पिता शेख नवाब 23 वर्ष ईदगाह भाटा थाना आजाद चौक को तीन माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस द्वारा दर्जनों अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर ऑफिस में भेजा गया है, जो प्रक्रिया में हैं।

ज्ञात हो कि इसके 2 माह पूर्व भी थाना कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर आरोपी रवि साहू पिता स्व. राजू साहू 34 साल निवासी गांधी नगर कालीबाड़ी थाना सिटी कोतवाली रायपुर के विरूद्ध भी जिला बदर की कार्यवाही करते हुए जिला बदर किया गया था। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की 5 ख के तहत् दाण्डिक प्रकरणों में यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर जिला- रायपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, बलौदा बाजार जिले क्षेत्र से तीन माह की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इन सभी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

इन बदमाशों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई अपराध में चालान और कार्यवाहियां हुई है। मोहम्मद हुसैन के विरुद्ध वर्ष 2013 से लगातार मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी देने, चोरी, वसूली, आर्म्स एक्ट एवं अवैध शराब बेचने आदि के कुल पंद्रह अपराध पंजीबद्ध है। वहीं शेख शाहरुख के खिलाफ 2014 से लगातार मारपीट, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी देने, छेड़छाड़, वसूली, आर्म्स एक्ट एवं अवैध शराब बेचने कर क्षति कारित करने जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने में संलिप्त है। उसके विरुद्ध 12 अपराध और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां हुई है।

### तीन नाबालिग सहित 6 स्टंटबाज बाईकर्स पकड़ाए

**रायपुर (ए.)।** सड़कों पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर अपनी व दूसरों की जान को खतरे में डालने वाले 6 स्टंटबाज बाइकर्स को यातायात पुलिस गिरफ्तार किया है। सभी 6 बाइकर्स में 3 नाबालिक एवं 3 बालिक वाहन चालकों का वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण के लिए न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी। बता दे कि बाईकर्स गैंग द्वारा नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक बाईक चलाकर स्वयं तथा दूसरों की जान को जोखिम में डालते हुए स्टंटबाजी करने की शिकायत मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा ऐसे स्टंटबाज वाहन चालकों को पकड़कर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह एवं सुशांतो बनर्जी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा नया रायपुर की सड़कों पर घेराबंदी कर सीबीडी बिल्डिंग रोड में स्टंटबाजी करते 6 चालको को पकड़ने में सफलता मिली।

# पुलिस के हत्थे चढ़े चार शातिर बाइक चोर

## बुलेट बेचने ग्राहक की फिराक में थे ओरापी



**रायपुर (ए.)।** रायपुर पुलिस ने 4 शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने माना-टिकरापारा थाना क्षेत्र से गाड़ियां चुराई थीं। इसके अलावा उन्होंने पानी टंकी के लोहे का फ्रेम भी चुराया था। आरोपियों के कब्जे से 3 बाइक तथा घटना में प्रयुक्त ऑटो जब्त किया गया है। आरोपी शहबाज अली उर्फ भिण्डी और मोह. आमीर पूर्व में भी चोरी सहित अन्य मामलों में जेल निरूद्ध रह चुके हैं।

दरअसल 9 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्र में दो व्यक्ति बुलेट बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्तियों एवं वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम शहजाद अली उर्फ भिण्डी एवं मोह. आमीर निवासी रायपुर बताया। टीम के सदस्यों द्वारा शहजाद अली उर्फ भिण्डी एवं मोह. आमीर से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने अन्य साथी प्रीतम यादव उर्फ पिन्टू एवं मोह. शाहिद के साथ मिलकर उक्त वाहन को चोरी करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त प्रीतम यादव उर्फ पिन्टू एवं मोह. शाहिद को भी पकड़ा गया।

टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों से चोरी की अन्य घटनाओं एवं वाहनों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा रायपुर के थाना माना एवं टिकरापारा क्षेत्र से कुल 3 नग दोपहिया वाहन चोरी करना बताने के साथ-साथ थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत बोरियाखुर्द से पानी टंकी के लोहे के चेम्बर फ्रेम को चोरी करना बताने के साथ ही फ्रेम को आटो वाहन में भरकर ले जाकर रखना बताया गया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी की कुल 3 नग दोपहिया वाहन, पानी टंकी का लोहे के चैम्बर फ्रेम तथा घटना में प्रयुक्त 1 नग ऑटो जुमला कीमती लगभग 4,50,000/- रुपये जप्त किया गया है। आरोपियों से जप्त बुलेट वाहन क्रमांक सी जी/04/एन ए/9303 में थाना माना में अपराध क्रमांक 180/2024 धारा 379 भादवि. एवं सी डी डीलक्स क्रमांक सी जी/04/डी ई/3445 में थाना माना में अपराध क्रमांक 130/24 धारा 379 भादवि. तथा हीरो पैशन प्रो क्रमांक सी जी/04/एच एल/7521 में थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 201/24 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध है। इसके साथ ही आरोपियों द्वारा थाना टिकरापारा क्षेत्र में चोरी की गई पानी टंकी लोहे के फ्रेम में थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 283/24 धारा 379, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की गई है। आरोपी शहजाद अली उर्फ भिण्डी तथा मोह. आमीर पूर्व में भी चोरी सहित अन्य मामलों में जेल निरूद्ध रह चुके है।

गिरफ्तार आरोपी में शहजाद अली उर्फ भिण्डी पिता मुस्ताक अली 30 साल निवासी रावाभांठा खेल मैदान के पास सुन्दर नगर थाना खमतराई रायपुर। मोह. आमीर पिता मोह. अशरफ 24 साल निवासी अफरोज बाग थाना मौदहापारा रायपुर। प्रितम यादव उर्फ पिन्टू पिता महेन्द्र यादव 20 साल निवासी नूतन स्कूल के पास थाना टिकरपारा रायपुर। मोह. शाहीद पिता नियाजूद्दीन 24 साल निवासी सुभाष नगर थाना गंज रायपुर शामिल हैं।

### इनकी भूमिका रही सराहनीय

इस कार्रवाई में निरीक्षक दुर्गेश रावटे थाना प्रभारी टिकरापारा, निरीक्षक भावेश गौतम थाना प्रभारी माना, निरीक्षक परेश पाण्डेय प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से उनि मुकेश कुमार सोरी, सउनि संतोष सिंह, प्र.आर. अनुप मिश्रा, आर. राकेश सोनी, राजकुमार देवांगन, अमर चंद्रा तथा थाना टिकरापारा से उनि पवन पटवा, सउनि अतुलेश राय, प्र.आर. महेश नेताम, आर. टूकेश्वर रजक, रमाकांत सिंह, आनंद शर्मा तथा रूपलाल ध्रुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिंका रही।

## बीच सड़क में हादसे के बाद मची लूट

# भिलाई के हाइवे पर केरोसीन से भरा टैंकर फटा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाद हाइवे पर एक केरोसीन से भरी टैंकर की सामने से जा रही ट्रक से भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि एक बाइक सवार को बचाने ट्रक चालक ने ब्रेक लगाया और पीछे से आ रही टैंकर उससे भिड़ गई। हादसे में टैंकर फट गया और उसमें से केरोसीन फव्वारे की तरह निकलने लगा। जैसे ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो पहुंच गए सड़क पर और बाल्टियां भर-भरकर ले जाने लगे। जैसे ही सुपेला पुलिस को इसकी सूचना मिली तत्काल मौके पर पहुंची और लोगों को वहां से हटाया। बड़ी हादसे की आशंका में फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई।



यह हादसा मंगलवार दोपहर चार से पांच बजे के बीच हुआ है। सुपेला थाने के सामने फ्लाईओवर के मुहाने पर केरोसीन से भरा टैंकर सामने की ओर जा रहे ट्रक से भिड़ गया। हादसे के बाद टैंकर का चालक वाला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद ट्रैंकर का एक हिस्सा फट गया और वहां से केरोसीन बहने लगा। कुछ ही देर में मौके पर आसपास के लोग बाल्टियां लेकर दौड़ने लगे। कुछ ही देर में लोग बाल्टियां भर कर जाने लगे। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और लोगों को घटना स्थल से दूर भगाया।

### फायर ब्रिगेड ने की फोम की बौछार

हादसे के बाद सड़क पर केरोसीन फैल चुका था और आग लगने का खतरा पैदा हो गया था। इसके बाद पुलिस ने मौके से फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड से सड़क पर आग न लगे इसके लिए फोम की बौछार की। सड़क पर फोम फैलने से आग लगने का खतरा तो टल गया। वहीं हादसे के कारण सड़क पर वाहनों की रफ्तार भी थम गई। दूर-दूर तक जाम की स्थिति थी। सुपेला थाने की पुलिस प यातायात विभाग द्वारा यातायात को कंट्रोल किया गया।

### जवान ने की 12 राउंड फायरिंग, मचा हड़कंप

**रायपुर (ए.)।** नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से दनादन गोलियां चला दी। बताया जा रहा है कि जवान सीएएफ14वीं बटालियन का है और उसने डिप्रेशन के चलते फायर किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवा रायपुर के राखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह 9 बजे पुलिस मुख्यालय परिसर अंदर अचानक गोली चल गयी। गोली चलाने वाले जवान का नाम अजय यादव है, जो सीएएफ 14वीं बटालियन में पदस्थ है। सूत्रों की मानें तो, जवान ने तक़रीबन 12 राउंड फायर किए गए हैं। इस गोलीबारी में किसी को भी चोट नहीं आई है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि, यह एक्सीडेंटल फायर है या जानबूझकर गोली चलाई गई है। इसकी जानकारी अभी तक निकलकर सामने नहीं आई है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने जिले के विभिन्न मंदिरों में माता के दर्शन किये

**दुर्ग।** पूरे विश्व चैत्र नवरात्र पर्व मे शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा जी की पूजा चल रही है, माता के दर्शन हेतु आज दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने भी पूरे जिले की मंदिरों में दर्शन किया। नवरात्रि के प्रथम दिन एवं हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने दुर्ग चंडी मंदिर, शीतला माता सिंधोरी एवं माता भद्रकाली ,शीतला माता मंदिर बेमेतरा में माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों को खुशहाली की शुभकामनाएं की। सुबह से ही सभी मंदिरों में भक्तों के भीड़ एकत्रित होने लगी जय घोष के नारों से अपने आराध्य को सभी धर्म प्रेमियों ने स्मरण किया अपने उद्बोधन में लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने कहा नवरात्रि का यह पावन पर्व मां दुर्गा के स्तुति स्मरण का समय है मां भगवती की कृपा भारत के प्रत्येक नागरिक पर बनी रहे। हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ होते ही भगवान की आराधना प्रारंभ हो जाती है जीवन में सुख शांति प्राप्ति के लिए हमें भगवान की स्तुति सदैव करते रहना चाहिए । राजेंद्र साहू ने आज चंडी मंदिर दुर्ग में माता के आगे शीश नवा कर विजय श्री का आशीर्वाद मांगा। अपने अगले पड़ाव में शीतला मंदिर सिंघोरी, माता भद्रकाली ,शीतला मंदिर बेमेतरा में भी मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस बीच भारी भीड़ में उनका उत्साह वर्धन किया और जय घोष के नारे के साथ जीत के लिए मतदान का वचन दीजिए। माता के दर्शन के दौरान उनके साथ पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, बेमेतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल एवं क्षेत्र में नागरिक उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या का जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने विधायक ललित चंद्राकर ने दिए निर्देश

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम नागपुरा क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से भेंट की और समस्या से अवगत कराया। तत्काल विधायक ललित चंद्राकर ने संबंधित अधिकारियों से बात कर स्व सहायता समूह की बहनों को तत्काल ही समस्या का निराकरण करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने अस्वस्त किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मैंने कहा था कि मैं इस क्षेत्र का जन सेवक और इस क्षेत्र की सारी समस्याएं मेरी अपनी समस्या है और अपने क्षेत्र के देवतुल्य पारिवारिक सदस्यों को निराश नहीं देख सकता । समस्या से अवगत होने के पश्चात तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और तत्काल ही पानी की समस्या का निराकरण हेतु वैकल्पिक व्यवस्था तैयार हो जाएगी। समस्या को लेकर भेट करने वालों गिरेश साहू कुलेश्वरी सुजाता, शंकर राऊत जीतेश धनकर, खोमन निषाद, प्रमिला देवांगन व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### मेसर्स सूर्या कम्प्यूटर्स सेल एण्ड सर्विस कार्य के लिए अधिकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय एवं इससे संबंधित अन्य सभी कार्यालयों में कम्प्यूटर्स, फोटो कापियर्स, प्रिन्टर्स की मरम्मत, आवश्यकतानुसार रिफिलिंग इत्यादि तथा इन्टरनेट एवं नेटवर्किंग से जुड़े सभी कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर दुर्ग द्वारा अनुमोदित दर पर एवं उक्त कार्यों से जुड़े सामग्री/मरम्मत की अनुमोदित दर न होने की दशा में न्यूनत्तम बाजार मूल्य पर कार्य करने के लिए मेसर्स सूर्या कम्प्यूटर्स सेल एण्ड सर्विस दुर्ग को अधिकृत एवं आदेशित किया गया है।

# नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरु हो गया है। नवरात्र के पहले ही दिन देवी मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। दर्शन के लिए पूर्व विधायक अरुण वोरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि मंदिर पहुंचे थे। उन्होने दर्शन कर माता से शहर की सुख-समृद्धि व खुशियाली के लिए कामना की। नवरात्र पर चंडी मंदिर में 2500 ज्योत, शीतला मंदिर बैगापारा में 1500 ज्योत, सतरुपा शीतला मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में 1500 ज्योत, सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर गंजपारा में 400 ज्योत, लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार में 150 ज्योत के अलावा शहर के अन्य मंदिरों में ज्योत प्रज्जवलित किए गए है। नवरात्र के प्रारंभ होने से देवी गीत गुंजायमान हो गए है। इधर नवरात्र पर सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग अपने स्थापना का 14वां वार्षिकोत्सव मना रहा है।



चैत्र नवरात्र पर मंदिर में 17 अप्रैल तक विशेष आयोजन किए गए है। पहले दिन माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत ज्योत कलश प्रज्जवलित किए गए। मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 400 ज्योत जलाए गए है। वार्षिकोत्सव और चैत्र नवरात्र पर मंदिर में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसके मद्देनजर मंदिर समिति द्वारा सभी व्यवस्थागत तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में मंदिर समिति के सदस्य बंटी शर्मा ने बताया कि सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा की स्थापना 2010 में की गई थी, जिसका यह 14वां वर्ष है। प्रथम दिवस 9 अप्रैल को ज्योति कलश प्रज्ज्वलन, घट स्थापना, कलश स्थापना की गई। इस वर्ष दुर्गा मंदिर में लगभग 400 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है। 12 अप्रैल को चौथे दिवस दोपहर 2 बजे से मन्दिर परिसर में रानी सती दादी जी का मंगलपाठ किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध पाठकर्ता अभिजीत जोशी, राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 13 अप्रैल पंचमी को सँध्या 7 बजे माता जी की 108 दीपो एवं 108 पूजा थाल से महाआरती, एवं विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 14 अप्रैल छठ को सांय 4 बजे माता जी की पालकी एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी,जो पूरे नगर में भ्रमण करेगी। 16 अप्रैल अष्टमी पर सँध्या 7 बजे माता जी को 56 भोग प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। रात्रि 8 बजे से हवन, पूजन, पूर्णाहुति, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।17 अप्रैल रामनवमी को प्रात: 9 बजे ज्योति कलश विसर्जन किया जाएगा। इसके साथ साथ दोपहर 12 बजे राम जी का अभिषेक एवं आरती की जाएगी। नवरात्रि में प्रतिदिन प्रात: 9 बजे माता जी का महाअभिषेक एवं दोपहर 12 बजे कन्या पूजन, कन्याभोज का आयोजन किया गया है। मंदिर के वार्षिकोत्सव में चंदादेवी शर्मा, संगीता शर्मा, सरिता शर्मा, किरण शर्मा, प्रभा शर्मा, नीलू पंडा,मनोरमा शर्मा, चंचल शर्मा, अनिता अग्रवाल, सुमन जोशी, चंचल ललित शर्मा, सुमन शर्मा, गायत्री शर्मा, पिंकी साहू, प्रेमलता शर्मा, लता शर्मा, किरण सेन, उर्वशी साहू, लक्ष्मी यादव ,गायत्री यादव, आभा शर्मा, अचला शर्मा, आरती शर्मा, सुनीता अग्रवाल, मीना शर्मा के अलावा अन्य श्रद्धालू मौजूद रहे।

# राज्यपाल बैस पार्श्व तीर्थ नगपुरा पहुंचे, सहपरिवार भगवान श्री पार्श्वनाथ की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस आज दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित श्री उवसग्गहंर पार्श्व तीर्थ पहुंचे। उन्होंने यहां पर सहपरिवार भगवान श्री पार्श्वनाथ का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और मंदिर भ्रमण किया। यहां पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये। राज्यपाल श्री बैस मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित गौ-शाला का भी भ्रमण किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री गजराज पगारिया और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।**





ज्ञात हो कि प्राकृतिक दृश्यों के मध्य शिवनाथ नदी के किनारे स्थित 23 वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ का यह मंदिर लगभग 3000 साल पहले उनके श्रमण काल में इस क्षेत्र में श्रमैन (त्याग के माध्यम से आत्म-प्राप्ति के लिए समर्पित एक भम्रणशील भिक्षुक) के रूप में उनकी पवित्र यात्रा का स्मृति दिलाता है। बिखरे हुए जैन मूर्तिकला के अवशेष, भक्तों की बड़ी संख्या और भगवान के चरण चिन्हों के साथ प्राचीन मंदिर ऐतिहासिक रूप से इस क्षेत्र के लिए भगवान की यात्रा को साबित करते है। इस प्राचीन मूर्ति के मिलने से लेकर पुन: स्थापित होने तक चमत्कारीक तरीका भी स्पष्ट रूप से, उनकी दिव्य कृपा साबित करता है। यह मंदिर पत्थरों पर उत्कीर्ण जैन-भक्ति दर्शन का एक महाकाव्य है। इस तीर्थस्थान की यात्रा, यात्रियों को उदार आचरण, आत्म-अनुशासन, तपस्या और समानता को प्रेरित करती है।

यह 1995 में नागपुरा में स्थापित एक जैन मंदिर है। परिसर में मंदिर, गेस्ट हाउस, एक बगीचा और प्राकृतिक चिकित्सा व योग केंद्र स्थित हैं। संगमरमर से बने भगवान श्री पार्श्वनाथ के इस मंदिर का प्रवेश द्वार 30 फीट गेट के माध्यम से है, जिसमें चार स्तंभो (जो आध्यात्मिक जीवन के चार आवश्यक तत्वों यथा ज्ञान, आत्मनिरीक्षण, अच्छा आचरण, तपस्या का प्रतिनिधित्व करती है) पर स्थित भगवान श्री पार्श्वनाथ की मूर्ति है, जिसकी दो हाथियों द्वारा पूजा की जा रही है।

# पूरे देश के साथ भिलाईवासी कल मनायेगें ईद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** माहे रमजान की विदाई के पल में मंगलवार की शाम लोगों की नजरें आसमान पर टिकी रही। 29 रमजान पर कहीं से भी चांद देखे जाने की खबर नहीं आई। ऐसे में अब 30 रोजे पूरे कर 11 अप्रैल को ईदुल फित्र मनाई जाएगी। शहर व आसपास की तमाम मस्जिदों-ईदगाहों में ईदुलफित्र की विशेष नमाज की तैयारियां की जा रही है। नमाज के लिए अलग-अलग वक्त मुकर्रर कर दिया गया है।

जिससे नमाजी वक्त पर नमाज में शामिल हो सके। मंगलवार की शाम अफ्तार से पहले और बाद में भी मस्जिदों और घरों में लोग आसमान की ओर टकटकी लगाकर देखते रहे। हालांकि भिलाई में आसमान में बदली होने की वजह से भी लोगों को मायूस होना पड़ा। दुर्ग-भिलाई में कहीं भी चांद दिखाई नहीं दिया। आसपास के इलाकों से भी चांद की तस्दीक नहीं हुई है। अब 11 अप्रैल को ईदुलफित्र होने की वजह से बाजार में भी अच्छी खासी रौनक देखने को मिली। सुपेला, पावर हाउस और टाउनशिप के मार्केट में लोग रात तक खरीदारी करते रहे। देखें किन किन मस्जिदों में कितने बजे होगी नमाज नमाजे ईदुल फित्र के लिए 11 अप्रैल की सुबह का वक्त तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में तय कर दिया गया है। इसमें ईदगाह सेक्टर-6 में 8:30 बजे, शेर ए खुदा ईदगाह कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड में 8:15 बजे,गौसिया मस्जिद कैम्प-1 मे 8 बजे, एकता नगर भिलाई-3 में 8.45 बजे, फरीद नगर मदनी मस्जिद में 8 बजे, पेट्रोल पम्प के पास भिलाई 3 मस्जिद में 9.20 बजे और मस्जिद अक्सा चरोदा में 9.15 बजे ईदुल फित्र की नमाज पढ़ाई जाएगी।

7 एकड़ जमीन पर हो गई अवैध प्लाटिंग

# शिकायत मिली तो निगम ने कराया कब्जा खाली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम के तहत ग्राम कुरूद में चन्दुलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रोड़ पर तीन खसरे की 7 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर दी गई। भूमाफिया द्वारा यहां कब्जे के लिए पक्की फेनसिंग कर दी गई थी। भिलाई निगम की टीम ने शिकायत मिलने के यहां कार्रवाई की और अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को फिर से समतल किया।**



दरअसल भिलाई निगम को शिकायत मिली थी कि मेडिकल कॉलेज के पास ग्राम कुरूद के खसरा नं. 172/1 एवं 2 के 1 एकड़ तथा खसरा नं. 47/1 के 6 एकड़ लगानी भूमि में बिना अनुमति के प्लाटिंग किया जा रहा है। सूचना पर आयुक्त ने भवन शाखा तथा जोन-2 को कार्यवाही के निर्देश दिये थे।

संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और वहां मुरूम डालकर बनाये गये मार्ग संरचना तथा लगाये गये पोल को जेसीबी से उखाड़ कर मुरूम सड़क को ध्वस्त किया गया। कार्यवाही में जोन आयुक्त येशा लहरे, सहायक राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, भवन शाखा के उपअभियंता शहबाज अहमद, तोड़ फोड़ दस्ता के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

लोकसभा चुनाव के प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के आड़ में कुछ लोग अवैध प्लाटिंग तथा अवैध कब्जे की कोशिश में लगे हुए है। जिस पर निगरानी रख शक्ति से कार्यवाही के निर्देश आयुक्त ध्रुव ने अधिकारियों को दिए है।

# नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है। इस संबंध में अधिकारियों व कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन पत्र के वितरण, वितरण के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, अमानत राशि जमा करने इत्यादि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सु ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा अभ्यर्थियों से प्राप्त आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्वाचन कार्यालय से दिए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र के दौरान अधिकारियों को आवश्यक पंजी संधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सु ऋचा प्रकाश चौधरी ने नाम निर्देशन पत्र प्रदाय करने के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक जरूरी सावधानी की जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्षतापूर्वक जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने 12 अप्रैल 2024 से 19 अप्रैल 2024 तक नाम निर्देशन के प्रतिदिन की जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रेषित करने तथा 22 अप्रैल 2024 तक नाम वापसी, प्रतीक आबंटन एवं प्रारूप 7 क में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों के मतपत्र मुद्रण की जानकारी दी। नाम निर्देशन पत्र फार्म -2क फार्मेट भरने के बाद हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना, मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थी को एक प्रस्तावक तथा पंजीकृत अमान्यता प्राप्त या पंजीकृत या निर्दलीय अभ्यर्थी को 10 प्रस्तावक आवश्यक है। फार्म 26 शपथपत्र, सभी कालम पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं अभ्यर्थी, नोटरी से सत्यापित तथा सभी पृष्ठ में अभ्यर्थी एवं नोटरी के हस्ताक्षर सहित (शपथ पत्र स्टाम्प में किसी भी प्रकार का कांटछांट नहीं होना चाहिए, एक मूलप्रति एवं 03 छाया प्रति जमा करना होगा। निर्वाचन हेतु खोले गये नये बैंक खाता जो कम से कम एक दिन पूर्व खोला गया हो, खाता क्रमांक की पूर्ण जानकारी एवं पासबुक के प्रथम पेज जिसमें खाते का विवरण हो की छायाप्रति सहित जमा कराना होगा।

अमानत राशि प्राप्त होने पर अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र दिया जाएगा। नाम निर्देशन प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान लेना आवश्यक होगा। निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्ति का प्रारूप 8 (दो प्रतियों में) फोटो सहित देना होगा। राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी होने पर फार्म 'ए' एवं 'बी' नाम निर्देशन की अंतिम तिथि के अपरान्ह 3 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी का परिचय पत्र एवं पासपोर्ट साईज 4 फोटो (पृष्ठ भाग में अथ्यर्थी के नाम सहित) साथ ही उक्त फोटोग्राफ 3 माह से अधिक पुराना नही है का घोषणा पत्र होना चाहिए।

# बीएसपी के मर्चेंट मिल का उत्पाद क्यूआर कोड से जुड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत विभागीय प्रबंधकों और कार्मिकों के अथक प्रयासों के फलस्वरूप संयंत्र को कई प्रतिष्ठित सम्मान व पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। संयंत्र के विभिन्न विभाग व उनके कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर नवाचार कर उचित विकल्प खोज लिये जाते हैं, जिनसे कार्य में सहजता व सुव्यवस्था हो सके, और न्यूनतम समय में अधिकाधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके।



ऐसी ही एक पहल में मर्चेंट मिल विभाग के प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक मुनीश कुमार गोयल एवं महाप्रबंधक (मर्चेंट मिल) सुशील कुमार हरिरमानी के मार्गदर्शन में उप-महाप्रबंधक (ऑपरेशन-एम.डब्लू.आर.एम) सुनील कुमार मास्टर ऑपरेटिव विमलकांत पाण्डेय व सीनियर शिपर संतोष कुमार दुबे, सतीश कुमार वर्मा, चंदेल डी एस, शैलेष कुमार, शैलेष सोनी, राजीव रेड्डी वार, अनिल कुमार सिंह ने अपने कार्य क्षेत्र के हित में नवीन प्रायस किये हैं, जो सराहनीय है। इस टीम ने मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत, ए.एंड.डी विभाग व अन्य विभागों के सहयोग से क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इंडिया (क्यू.सी.आई) द्वारा स्वीकृत लिंक को क्यूआर कोड के साथ टैगिंग करने में सफलता प्राप्त की है। जिसे एम.ई.एस सॉफ्टवेर की सहायता से तैयार किया गया है। इस क्यूआर कोड की सहायता से उत्पाद की गुणवत्ता और डाईमेन्शन, उत्पादन तिथि, मटेरियल, बैच नंबर, कंपनी का नाम व उत्पादन क्षेत्र और उत्पादन का समय जैसे अन्य कई जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। जिसे कोई भी व्यक्ति बड़ी सहजता से क्यूआर कोड को स्कैन करके लिंक की मदद से प्रोडक्ट की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसके अंतर्गत, ग्राहकों के लिए उत्पाद के सुधार हेतु अपनी राय, सुझाव व समस्या हेतु सन्देश साझा करने की सुविधा भी प्रदान की गयी है।

पूरी टीम ने यार्ड में पड़े प्रोडक्ट्स की सही रख-रखाव व पहचान हेतु विस्तृत यार्ड मैपिंग की है। जिससे रख- रखाव की सही जानकारी व पहचान कर, न्यूनतम समय में लोडिंग संभव हो और कार्य में तेजी आ सके। इन्होने इसके लिए अल्फा-न्यूमेरिक टैग को यार्ड के प्रत्येक सेक्शन में लगाया है, जिससे वर्तमान में आसानी से यार्ड में प्रोडक्ट्स की पहचान की जा सकती है।

### डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर 14 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**दुर्ग।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती बुद्ध विहार शंकरनगर में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर बुद्ध विहार समिति द्वारा 11, 12, 13 और 14 अप्रैल को 4 दिवसीय जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र होंगे। जयंती समारोह के अंतिम दिन 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा बुद्ध विहार शंकरनगर से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी। जो आर्यनगर, ग्रीन चौक,सिंधी कॉलोनी, राजेन्द्र पार्क, नया बस स्टैण्ड,पटेल चौक,इंदिरा मार्केट, पोलसायपारा, हरनाबांधा के मार्गो से होते हुए वापस बुद्ध विहार पहुंचकर संपन्न होगी। जयंती समारोह की तैयारियों में बुद्ध विहार समिति शंकरनगर के पदाधिकारी जुटे हुए है।

# मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने जनता उत्साहित-गजेंद्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नवरात्रि के प्रथम दिन लोकसभा चुनाव के लिए जनसंपर्क अभियान प्रारम्भ हुआ। विधायक गजेन्द्र यादव संग बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ ने माँ चंडी का आशीर्वाद लेकर दुर्ग शहर की जनता से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जीत दिलाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने घर घर पहुंचकर जनता से आशीर्वाद लिए। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओ ने बाजे गाजे और भाजपा ध्वज के साथ निकले कार्यकर्ताओ का अभिवादन कर भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जिताने आशस्वत किये।

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचंड मतों से विजय दिलाने घर घर जनसंपर्क अभियान आरंभ किया गया। मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने जनता उत्साहित है। मोदी पर सबको विश्वास है इसलिए पूरा देश कह रहा है तीसरी बार मोदी सरकार। मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से छत्तीसगढ़ विकास की ओर बढ़ रहा है। भाजपा का एक एक कार्यकर्त्ता लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने कमर कस लिए है सभी अपने वार्ड क्षेत्रों में जनता को कमल खिलाने आह्वान कर रहे है। आज नवरात्री के प्रथम दिन चंडी मंदिर से जनसंपर्क अभियान मरारपारा, आमातालाब, शीतला मंदिर, गोवर्धन चौक, गयानगर उत्तर में किया गया। जनसंपर्क अभियान में अलका बाघमार, शिवेंद्र परिहार, मनीष साहू, दिनेश देवांगन, अमित पटेल, लीना दिनेश देवांगन, विजय ताम्रकार, रीता मेश्राम, आसिफ अली, अमित पटेल, शुभम साहू, नवीन साहू, अनिकेत यादव, पोषण साहू, संजय शुक्ला, जितेंद्र साहू, हरीश गोयल, अतुल पहाड़े, निशिकांत दुबे, नितेश जैन, रमेश वास्तव, कांशीराम कोसरे,नरेश तेजवानी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950